दैनिक जागरण
17/12/16



## प्रदेशभर में पाया तीसरा स्थान

धर्मशाला महाविद्यालय की टीम ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के युवा महोत्सव में एकांकी में प्रदेश भर में तीसरा स्थान हासिल किया। युवा महोत्सव का आयोजन हमीरपुर में किया गया। प्राचार्य प्रो. एसके पाठक के साथ विजेता टीम।

पंजाब केसरी
23/12/16

## रामानुज के गणित सिद्धांतों पर दिए व्याख्यान

धर्मशाला, 22 दिसम्बर (नवीन): राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के गणित विभाग ने विश्व प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुज की जयंती पर प्रतियोगिता और व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य एस.के. पाठक मुख्यातिथि रहे। इस कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के आए हुए लगभग 15 आचार्यों ने श्रीनिवास रामानुज के गणित सिद्धांतों, उपलब्धियों और जीवन पर अपने विचार प्रकट किए और व्याख्यान दिए। इनमें कांगड़ा महाविद्यालय के डा. नानक चंद ने रामानुज के जीवन पर व्याख्यान दिया, जबकि बागवानी एवं वानिकी यूनिवर्सिटी नौणी से आए डा. अमित ने विश्व में भारतीय गणितज्ञों के योगदान पर प्रकाश डाला। शाहपुर महाविद्यालय से आए हुए डा. सुरेश राणा, पालमपुर महाविद्यालय के डा. बलराज, डा. अमित व बैजनाथ कालेज के डा. संजीव देहरी ने भी गणितज्ञ रामानुज के शैक्षणिक कार्यों पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर गणित विभाग के छात्रों ने भी इसमें भाग लिया और अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर डा. महेंद्र पाल, डा. अरविंद चौधरी, डा. के.एस. अत्री, डा. रविंद्र गिल, डा. सतीश ठाकुर और डा. ध्यान सिंह आदि प्रोफैसर मौजूद रहे।

दिव्य हिमाचल
14/02/17

## अब कालेजों में मूर्ति बनाना सीखेंगे छात्र

▪ पवन कुमार शर्मा, धर्मशाला



▪ प्रदेश में पहली बार, धर्मशाला मंडी कालेज में अगले सत्र से होगी शुरुआत

अब हिमाचली छात्र कालेजों में मूर्ति कला की पढ़ाई भी कर सकेंगे। प्रदेश विश्वविद्यालय ने धर्मशाला व मंडी कालेजों में मूर्ति कला की पढ़ाई करवाने के लिए अगले शैक्षणिक सत्र से यह विषय शुरू करने का निर्णय लिया है। इससे हिमाचली संस्कृति व विलुप्त होती पुरातन मूर्ति कला को भी नए पंख लगेंगे। देवभूमि पहले ही धातु और पत्थर की मूर्तियों की कारीगरी का बड़ा केंद्र रहा है। कालेजों में यह विषय शुरू होने के बाद नई पीढ़ी को हुनर दिखाने का मौका मिल पाएगा। इससे पूर्व छात्र रूटीन के विषयों पर ही अध्ययन कर पाते थे। रूसा के तहत महाविद्यालयों में नए एवं छात्र उपयोगी विषय भी शुरू होने लगे हैं। फाइन आर्ट के साथ मूर्ति कला पहली बार शुरू होने जा रही है। हालांकि इस तरह के विषय बहुत पहले पढ़ाए जाने चाहिए थे, लेकिन देरी से शुरू हुआ प्रयास भी युवा पीढ़ी के लिए नई दिशा देने वाला साबित हो सकता है। प्रदेश के सैकड़ों युवक-युवतियों को उनकी रुचिकर विषय भी कालेजों में पढ़ाए जाएंगे। अब तक हिमाचल के कालेजों में इस तरह के विषय मात्र प्रदर्शनी और यूथ फेस्टिवल के दौरान ही समझाए व बताए जाते थे, लेकिन इस नई पहल से युवाओं को ऐसे विषयों को नियमित अध्ययन करने का मौका मिल पाएगा। शिक्षाविद मानते हैं कि देवभूमि में मूर्तिकला पर शोध के भी कई मार्ग खुलेंगे।

### धर्मशाला में डा. मिथुन नियुक्त

देश के सबसे पुराने व बड़े कालेजों में शुमार धर्मशाला कालेज में इस विषय को पढ़ाने के लिए डा. मिथुन कुमार दत्ता की नियुक्ति हुई है। डा. मिथुन देश के नामी विश्वविद्यालय बनारस से मूर्ति कला में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। वर्ष 2007 में वह ललित कला अकादमी के नेशनल अवार्डी भी हैं। डा. मिथुन की धातु और पत्थर की मूर्तियों को तराशने में विशेषज्ञता है। उनका कहना है कि कांगड़ा घाटी सहित देवभूमि की धार्मिक मूर्ति कला, समकालीन मूर्ति कला की बारीकियों को समझते हुए उसे छात्रों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने बताया कि मूर्ति कला के माध्यम से मूर्तिकार समाज को कई संदेश दे सकता है।

पंजाब-केसरी 08/3/2017





धर्मशाला : कैली बिजनैस स्कूल इंडियाना यूनिवर्सिटी यू.एस.ए. का शिष्टमंडल धर्मशाला महाविद्यालय में प्रोफैसर सहित सामूहिक चित्र में। (नवीन)

# इंडियाना यूनिवर्सिटी के छात्रों ने किया एम.बी.ए. विभाग का भ्रमण

धर्मशाला, 7 मार्च (नवीन): धर्मशाला महाविद्यालय में मंगलवार को कैली बिजनैस स्कूल इंडियाना यूनिवर्सिटी यू.एस.ए. के छात्रों एवं अध्यापकों ने एम.बी.ए. के छात्रों के साथ परस्पर वार्तालाप किया। यह कार्यक्रम कार्ड चिन्मय तपोवन संस्थान के नरेंद्र पाल व चीफ आप्रेटिंग ऑफिसर के सहयोग द्वारा आयोजित करवाया गया। कालेज के प्राचार्य एस.के. पाठक ने विशेष रूप से शिरकत की। एम.बी.ए. धर्मशाला के छात्रों तथा कैली बिजनैस स्कूल इंडियाना यूनिवर्सिटी यू.एस.ए. के छात्रों ने आपस में वार्तालाप किया तथा दोनों ने अपने पाठ्यक्रम एवं प्रशिक्षण बारे जानकारी हासिल की। इस मौके पर विभाग के को-आर्डीनेटर डा. अजय चौधरी ने इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर विभाग के अखिल गौतम, साहिल महाजन, मेघना सूद व अंकिता सूद सहित विभाग के अन्य प्रोफैसर मौजूद रहे।

दैनिक जागरण
18/3/2017




## सम्मान...

राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में बीबीए विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह देकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मानित विद्यार्थी शिक्षकों के साथ • जागरण

(206)

दैनिक जागरण 20/3/2017



## स्मृति...

धर्मशाला महाविद्यालय के प्रयास भवन में इग्नू की इंडक्शन मीटिंग रविवार को हुई। इस दौरान मीटिंग उपस्थित में प्राध्यापक और विद्यार्थी मुख्यातिथि कॉलेज की उपप्राचार्य प्रो. मीरा वालिया के साथ। ● जागरण

दिव्य हिमाचल 16/6/2017

# आज से कालेजों में आएगी रौनक

## पहले, तीसरे और छठे सेमेस्टर के होंगे दाखिले, मैरिट के आधार पर मिलेगा विषय में प्रवेश

■ नरेन कुमार, धर्मशाला

आज से प्रदेश भर सहित राज्य के सबसे बड़े जिला कांगड़ा के महाविद्यालयों एडमिशन का दौर शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े महाविद्यालय पीजी कालेज धर्मशाला में भी जिला सहित बाहरी जिलों के लोग भी दाखिला प्राप्त करन के लिए जुट जाएंगे। कालेज में शुक्रवार से पहले, तीसरे और छठे सेमेस्टर के दाखिले होंगे। एडमिशन के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को मैरिट के आधार पर ही अपने पंसदीदा विषय में प्रवेश मिल पाएगा। आर्ट्स, कॉमर्स और बीएससी में विभिन्न मेजर विषयों के लिए सीटें निर्धारित कर दी गई है। निर्धारित सीटों में मैरिट पर रहने वाले छात्रों को ही प्रवेश मिल पाएगा। इसके साथ ही धर्मशाला कालेज में पहली बार रिटेल मैनेजमेंट-हॉस्पिटेलिटी एंड टूरिज्म की स्टडी भी करवाई जाएगी। कालेज में पहली बार मूर्तिकला विषय पढ़ने का मौका भी छात्रों को मिलेगा। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला के शैक्षणिक सत्र 2017-18 के लिए शुक्रवार से प्रवेश शुरू हो जाएगा। हिमाचल प्रदेश शिक्षा निदेशालय शिमला द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार बीए, बीएससी, बीकॉम तथा बी-वॉक के प्रथम सत्र के लिए शुक्रवार से 23 जून 2017 तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे, जबकि इसी सत्र से मूर्तिकला विषय को ऐच्छिक रूप से बीए के छात्रों के लिए शुरू किया जा रहा है। इन कक्षाओं में प्रवेश लेने हेतु इच्छुक प्रार्थी को गुरुवार से ही प्रवेश पत्र तथा विवरण पुस्तिका महाविद्यालय के आफिस से प्रदान कर दी गई। 24 जून शाम चार बजे तक चयनित छात्रों की पहली मैरिट सूची महाविद्यालय के सूचनापट्ट पर लगा दी जाएगी।

इसके बारे में किसी भी चयनित विद्यार्थी को अलग से सूचित नहीं किया जाएगा। प्रथम सूची में चयनित सभी विद्यार्थियों को 27 और 28 जून तक अपनी फीस जमा करवाना अनिवार्य होगा। प्रथम मैरिट लिस्ट में दाखिला न लेने पर रह गई रिक्त सीटों के आधार पर दूसरी मैरिट लिस्ट 29 जून को शाम तीन बजे महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगा दी जाएगी। सभी विषयों की कक्षाएं प्रथम जुलाई से आरंभ हो जाएंगी। दूसरी मैरिट लिस्ट में चयनित विद्यार्थियों को अपनी दाखिला फीस 30 जून सायं चार बजे तक जमा करवाना अनिवार्य होगा। धर्मशाला महाविद्यालय के प्रिंसीपल एसके पाठक ने बताया कि एडमिशन शुक्रवार से शुरू कर दी जाएगी।

### ये दस्तावेज जरूरी

दाखिले के समय विद्यार्थियों को अपने चरित्र प्रमाण पत्र, हिमाचल बोनोफाइड, आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों को अपने जातीय प्रमाण पत्र साथ लाने अनिवार्य होंगे।

### बी-वॉक कोर्स करने के लिए मौका

**शैक्षणिक** सत्र में धर्मशाला महाविद्यालय दो नए वोकेशनल डिग्री कोर्स (रिटेल मैनेजमेंट और हॉस्पिटेलिटी एंड टूरिज्म) भी आरंभ कर रहा है। रिटेल मैनेजमेंट और हॉस्पिटेलिटी एंड टूरिज्म डिग्री के लिए प्रॉस्पेक्टस 15 जून से कालेज आफिस में ही मिलेंगे और प्रार्थी 23 तक आवेदन कर सकेंगे। दोनों वोकेशनल डिग्री विषयों में 40-40 छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रार्थियों का चयन मैरिट के आधार पर 27 जून को किया जाएगा।

दिव्य हिमाचल | IV
divyahimachal.com
धर्मशाला, शनिवार, 17 जून, 2017

# पहले दिन बिके 2182 प्रोस्पेक्टस

## धर्मशाला कालेज में 2000 सीटों के लिए छात्र-छात्राओं में छाई दिवानगी

**धर्मशाला** 1968

**जयसिंहपुर** 110

**मटौर** 104

### किस विषय में कितनी सीटें

| विषय | | सीटें |
|---|---|---|
| बॉटनी | - | 140 |
| ज्यूलॉजी | - | 140 |
| केमिस्ट्री | - | 140 |
| फिजिक्स | - | 140 |
| गणित | - | 140 |
| कॉमर्स | - | 200 |
| जियोलॉजी | - | 80 |
| इंग्लिश | - | 80 |
| हिंदी | - | 80 |
| संस्कृत | - | 80 |
| इकॉनोमिक्स | - | 80 |
| जियोग्राफी | - | 80 |
| साइकोलॉजी | - | 80 |
| सोशोलॉजी | - | 80 |
| पॉलिटिकल साइंस | - | 80 |
| फिजिकल एजुकेशन | - | 80 |
| हिस्ट्री | - | 80 |
| फाइन आर्ट | - | 40 |
| पेंटिंग | - | 40 |
| कल्चरल | - | 40 |
| म्यूजिक वोकल | - | 40 |
| म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल | - | 40 |

“ कालेज में एडमिशन शुरू हो गई है। पहले दिन 1968 प्रोस्पेक्टस बिके हैं, जबकि 167 ने आवेदन जमा करवाए हैं

एसके पाठक
प्रिंसीपल, धर्मशाला कालेज





कालेज कैंपस

▪ नरेन कुमार, धर्मशाला

पीजी कालेज धर्मशाला में पहले ही दिन दाखिला प्राप्त करने के लिए छात्रों को खूब उत्साहित दिखे। धर्मशाला में एडमिशन के पहले दिन 1968 प्रोस्पेक्टस बिके, जबकि 167 छात्रों ने दाखिला प्राप्त करने के लिए आवेदन कर दिया है। धर्मशाला में तीन संकायों में विभिन्न मेजर विषयों के पहले सेमेस्टर में दो हजार सीटों के लिए छात्रों ने रुचि दिखाई है। पहले ही दिन काफी संख्या में उमड़े छात्रों से अब हाई मैरिट के आधार पर ही छात्रों को दाखिला मिल पाएगा। हालांकि कई विषयों में छात्रों को दाखिला नहीं मिलने से मायूस भी होना पड़ सकता है। कालेज में पहले, तीसरे और छठे सेमेस्टर के दाखिले शुरू हो गए हैं। एडमिशन के लिए

▪ कालेज में पढ़ाई के लिए काफी संख्या में उमड़े छात्र

आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को मैरिट के आधार पर ही अपने पसंदीदा विषय में प्रवेश मिल पाएगा। आर्ट्स, कॉमर्स और बीएससी में विभिन्न मेजर विषयों के लिए दो हजार के करीब सीटें निर्धारित कर दी गई है। निर्धारित सीटों में मैरिट पर रहने वाले छात्रों को ही प्रवेश मिल पाएगा। कालेज में पहली बार मूर्तिकला विषय पढ़ने का मौका भी छात्रों को मिलेगा। बीए, बीएससी, बीकॉम तथा बी-वॉक के प्रथम सत्र के लिए शुक्रवार से 23 जून तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। 24 जून शाम चार बजे तक चयनित छात्रों की पहली मैरिट सूची महाविद्यालय के सूचनापट्ट पर लगा दी जाएगी। इसके बारे में किसी भी चयनित विद्यार्थी को अलग से सूचित नहीं किया जाएगा। प्रथम सूची में चयनित सभी विद्यार्थियों को 27 और 28 जून तक अपनी फीस जमा करवाना अनिवार्य होगा। 27-28 जून के बाद महाविद्यालय किसी भी विद्यार्थी की दाखिला फीस नहीं लेगा।

## बी-वॉक कोर्स करने का मौका

**शैक्षणिक** सत्र में धर्मशाला महाविद्यालय दो नए वोकेशनल डिग्री कोर्स (रिटेल मैनेजमेंट और हास्पिटेलिटी एंड टूरिज्म) भी आरंभ कर रहा है। रिटेल मैनेजमेंट और हास्पिटेलिटी एंड टूरिज्म डिग्री के लिए प्रोस्पेक्टस 15 जून से कालेज आफिस में ही मिलेंगे। इच्छुक प्रार्थी 23 जून तक आवेदन कर सकेंगे। दोनों वोकेशनल डिग्री विषयों में 40-40 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। सभी प्रार्थियों का चयन मैरिट के आधार पर 27 जून को किया जाएगा। तीन साल की इस डिग्री में छह सेमेस्टर हैं, जिसमें एक साल तक पढ़ाई करने वाले छात्र को डिप्लोमा मिलेगा, जबकि दो साल तक पढ़ाई करने वाले को एडवांस डिप्लोमा और तीन साल तक पढ़ाई करने वाले को डिग्री प्राप्त होगी। जिन विद्यार्थियों के परिवार की सालाना आय दो लाख रुपए से कम होगी, उन्हें हिमाचल प्रदेश सरकार के नियमानुसार हजार रुपए का कौशल विकाश भत्ता भी प्रदान किया जाएगा।

## पहली जुलाई से शुरू होंगी कक्षाएं



**प्रथम** मैरिट लिस्ट में दाखिला न लेने पर रह गई रिक्त सीटों के आधार पर दूसरी मैरिट लिस्ट 29 जून को शाम तीन बजे महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगा दी जाएगी। सभी विषयों की कक्षाएं पहली जुलाई से आरंभ हो जाएंगी। दूसरी मैरिट लिस्ट में चयनित विद्यार्थियों को अपनी दाखिला फीस 30 जून ...यं चार बजे तक जमा करवाना अनिवार्य होगा।

208

दिव्या हिमाचल 22/6/2017

# मनीषा टॉप-थ्री में



धर्मशाला : पीजी कालेज धर्मशाला की पीजीडीसीए की छात्रा मनीषा कुमारी ने एचपीयू में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। मनीषा कुमारी ने विवि द्वारा आयोजित परीक्षा में 600 में से 503 अंक प्राप्त कर प्रदेश भर में रोशना किया है। मनीषा के प्रदेश भर में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर कालेज प्रिंसीपल एसके पाठक और विभाग के को-आर्डिनेटर डा. महेंद्र पाल ने सादे समारोह में छात्रा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रिंसीपल ने विभाग के प्राध्यापकों में संदीप राणा और सैणी जसरोटिया को भी बधाई दी। पीजीडीसीए विभागाध्यक्ष डा. महेंद्र पाल ने बताया कि पीजीडीसीए में सात जुलाई तक एडमिशन प्राप्त करने का मौका है। विभाग में 40 सीटों के लिए उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं

दिव्या हिमाचल 24/6/2017

# 2040 सीटों को 2577 आवेदन

## कालेजों में आज जारी होगी पहली मैरिट सूची ,साइंस को खूब दीवानगी, 780 सीटों को 1212 आवेदन, धर्मशाला कालेज में आर्ट्स में कम दिखा रुझान



▪ नरेन कुमार, धर्मशाला

पीजी कालेज धर्मशाला में 2040 सीटों के लिए 2577 आवेदन अब तक पहुंच चुके हैं। इसके साथ ही अब कालेजों में पहली मैरिट सूची शनिवार को शाम चार बजे जारी कर दी जाएगी। मैरिट सूची के आधार पर ही छात्रों को दाखिला प्राप्त करने का मौका मिल पाएगा।

प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े कालेज में साइंस विषय को लेकर खूब दीवानगी देखने को मिल रही है। बीएससी में मात्र 780 सीटों के लिए 1212 आवेदन पहुंच गए हैं, जबकि आर्ट्स में दाखिला प्राप्त करने में छात्रों का कम रुझान देखने को मिला है। आर्ट्स की कुल 980 सीटों के मुकाबले 898 आवेदन ही कालेज प्रबंधन के पास पहुंच पाए हैं। जिला कांगड़ा के महाविद्यालयों में एडमिशन का पहला दौर शुक्रवार से समाप्त हो गया। अब शनिवार को आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की पहली मैरिट लिस्ट जारी कर दी जाएगी। एडमिशन के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को मैरिट के आधार पर ही अपने पंसदीदा विषय में प्रवेश मिल पाएगा। आर्ट्स, कॉमर्स और बीकॉम में विभिन्न मेजर विषयों के लिए 2040 निर्धारित सीटों के लिए 2577 आवेदन पहुंच गए हैं। इसके साथ ही धर्मशाला कालेज में पहली बार बी-वॉक के रिटेल मैनेजमेंट-हास्पिटेलिटी एंड टूरिज्म की स्टडी के लिए भी छात्रों में खूब उत्साह देखने को मिला है। दो विषयों में मात्र 80 सीटों के लिए 103 छात्रों ने आवेदन कर दिया है। 24 जून शनिवार शाम चार बजे तक चयनित छात्रों की पहली मैरिट सूची महाविद्यालय के सूचनापट्ट पर लगा दी जाएगी। इसके बारे में किसी भी चयनित विद्यार्थी को अलग से सूचित नहीं किया जाएगा।



कालेज कैंपस

### ये हैं विषय के कुल आंकड़े

- आर्ट्स में कुल सीटें 980 - आवेदन 898
- बीकॉम में कुल सीटें 780- आवेदन 1212
- कॉमर्स में कुल सीटें 200- ओवदन 364
- बी-वॉक में कुल सीटें 80- आवेदन 103

"एडमिशन के तहत अब शनिवार को पहली मैरिट लिस्ट जारी की जाएगी। विभिन्न संकाय के तहत अब तक 2577 आवेदन दाखिले के लिए पहुंचे हैं

एसके पाठक
प्रिंसीपल, कालेज धर्मशाला

### कितनी सीटें-आवेदन

| विषय | सीटें | आवेदन |
|---|---|---|
| बॉटनी | 140 | 169 |
| ज्यूलॉजी | 140 | 167 |
| केमेस्ट्री | 140 | 206 |
| फिजिक्स | 140 | 303 |
| गणित | 140 | 272 |
| जियोलॉजी | 80 | 95 |
| कॉमर्स | 200 | 364 |
| इंगलिश | 80 | 113 |
| हिंदी | 80 | 140 |
| संस्कृत | 80 | 51 |
| इकॉनोमिक्स | 80 | 52 |
| ज्योग्राफी | 80 | 112 |
| साइकोलॉजी | 80 | 31 |
| सोशोलॉजी | 80 | 86 |
| पोलिटिक्ल साइंस | 80 | 120 |
| फिजिकल एजु. | 80 | 27 |
| हिस्ट्री | 80 | 86 |
| कामर्शियल आर्ट | 40 | 17 |
| पेंटिंग | 40 | 06 |
| कल्चरल | 40 | 08 |
| म्यूजिक वोकल | 40 | 07 |
| म्यूजिक इंस्ट्रू. | 40 | 11 |

दिव्य हिमाचल 29/6/17

V | दिव्य हिमाचल
divyahimachal.com

# आज देखें दूसरी मैरिट लिस्ट

## कालेज में फीस जमा करवाने के लिए दिन भर लगी रही लाइनें

■ स्टाफ रिपोर्टर, धर्मशाला



कालेज कैंपस

पीजी कालेज धर्मशाला में 2040 सीटों के लिए जारी पहली मैरिट सूची में चयनित छात्रों में खूब दिवानगी देखने को मिल रही है। धर्मशाला कालेज में फीस जमा करवाने के लिए लंबी कतारें अंतिम दिन भी देखने को मिली। धर्मशाला कालेज की अब दूसरी मैरिट लिस्ट गुरुवार को शाम तीन बजे के बाद जारी कर दी जाएगी। इसके साथ ही पहले सेमेस्टर में अधिक छात्रों के पहुंचने पर तीसरे और छठे सेमेस्टर के फीस जमा करवाने की तिथि एक से पांच जुलाई के लिए आगे खिसका दी गई है, जिससे अब तीसरे और छठे सेमेसटर के छात्रों को फीस जमा न करवाने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। जिला कांगड़ा के महाविद्यालयों में एडमिशन का पहला दौर बुधवार को समाप्त हो गया। अब गुरुवार शाम को आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की रिक्त सीटों के लिए दूसरी मैरिट लिस्ट जारी कर दी जाएगी। एडमिशन के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को मैरिट के आधार पर ही रिक्त सीटों में प्रवेश मिल पाएगा। आर्ट्स, कॉमर्स और बीकॉम में विभिन्न मेजर विषयों के लिए 2040 निर्धारित सीटों के लिए 2577 आवेदन पहुंचे थे, जिनमें अंतिम दिन तक मैरिट में आने वाले सभी छात्रों ने फीस जमा नहीं करवाई है। इससे रिक्त सीटों में दूसरी मैरिट जारी होने पर दाखिले का मौका मिल पाएगा। गुरुवार शाम तक दूसरी मैरिट सूची महाविद्यालय के सूचनापट्ट पर लगा दी जाएगी। इसके बारे में किसी भी चयनित विद्यार्थी को अलग से सूचित नहीं किया जाएगा। दूसरी मैरिट लिस्ट में चयनित विद्यार्थियों को अपनी दाखिला फीस 30 जून सायं चार बजे तक जमा करवाना अनिवार्य होगा। इसके बाद किसी भी विद्यार्थी की फीस जमा नहीं की जाएगी। उधर, पीजी कालेज धर्मशाला प्रिंसीपल एसके पाठक ने बताया कि एडमिशन के तहत अब गुरुवार को दूसरी मैरिट लिस्ट जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि विभिन्न संकाय के तहत मात्र रिक्त सीटों पर ही दाखिले प्रदान किए जाएंगे।

### बैठक आज

**ज्वालामुखी-** मंदिर न्यास ज्वालामुखी की श्रावण अष्टमी नवरात्र को लेकर किए जाने वाले प्रबंधों को लेकर मेला प्रबंधन बैठक 29 जून को आयोजित की जा रही है। इस दौरान विधायक संजय रतन व एसडीएम ज्वालामुखी राकेश शर्मा विशेष रूप से पधारेंगे।

दिव्य हिमाचल 30/6/2017

# धर्मशाला की कनिका एमबीए टॉपर

## पीजी कालेज की छात्रा ने सेकेंड सेमेस्टर में झटके 9.67 सीजीपीए

■ स्टाफ रिपोर्टर, धर्मशाला



**प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर द्वारा आयोजित एमबीए के द्वितीय तथा चौथे** संकाय के घोषित परिणामों में पीजी कालेज धर्मशाला ने पूरी तरह बाजी मारी है। एमबीए विभाग के द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कनिका गुप्ता ने 9.67 सीजीपीए हासिल कर प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा धर्मशाला कालेज के दूसरे और चौथे सेमेस्टर के कुल आठ छात्रों ने टॉप-10 मैरिट में नाम दर्ज किया है। एमबीए विभाग के द्वितीय सेमेस्टर में प्रदेश भर में प्रथम कनिका गुप्ता ने 9.67 सीजीपीए, शिवांगी राणा ने 9.50 और ऋतिका 9.50 चौथे, दीक्षा शर्मा 9.48 के साथ पांचवें और परिकल्पना धीमान 9.41 के साथ सातवां स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा एमबीए के चौथे सेमेस्टर में कार्तिक सूद 9.33 सीजीपीए से प्रदेश भर में सातवां, आंचल शर्मा 9.32 से आठवां और अनु धीमान ने 9.15 से 10वां रैंक प्रदेश में प्राप्त किया है। एमबीए विभाग के को-ऑर्डिनेटर डा. मदन गुलेरिया ने बताया कि धर्मशाला के छात्रों ने प्रदेश भर में बेहतरीन स्थान प्राप्त किए हैं। महाविद्यालय के छात्रों ने मैरिट में स्थान प्राप्त करने के साथ ही विभिन्न कंपनियों में चयन भी कर लिया है। धर्मशाला कालेज के प्रिंसीपल एसके पाठक ने छात्रों को बधाई दी है। इस मौके पर विभाग के प्रध्यापक अखिल गौतम, मेघना सूद और अंकिता सूद भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

२१०

अमर उजाला | कांगड़ा



धर्मशाला कॉलेज में नए प्राचार्य सुनील मेहता का स्वागत करते महाविद्यालय के प्रोफेसर नरेश शर्मा और अन्य।

**न्यूज डायरी**

## प्रो. सुनील ने संभाला प्राचार्य का पदभार

धर्मशाला। डिग्री कॉलेज धर्मशाला में प्रो. सुनील मेहता ने बतौर प्राचार्य पदभार संभाल लिया है। उनसे पहले प्रो. एसके पाठक प्राचार्य के पद पर तैनात थे। प्रो. पाठक का तबादला बीएड कॉलेज धर्मशाला को किया गया है। इससे पहले प्रो सुनील मेहता भरमौर और बैजनाथ कॉलेज में बतौर प्राचार्य सेवाएं दे चुके हैं। प्रो. सुनील मेहता ने कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कि उनके कार्यकाल में बेहतर अकादमिक और प्रशासनिक माहौल कायम कर सकें। धर्मशाला कॉलेज की पहचान राज्य के टॉप कॉलेज में है और वे इस मुकाम को आगे बढ़ाएंगे।

पंजाब केसरी 7/7/2017

## फ्री इंटरनैट की सुविधा में केवल चलेगी एजुकेशनल साइट

धर्मशाला, 6 जुलाई (नवीन): धर्मशाला कालेज में जियो कंपनी की ओर से कालेज विद्यार्थी को फ्री इंटरनैट की सुविधा देने के लिए कार्य लगभग समाप्त हो गया है। कालेज अधिकारियों की माने तो लगभग एक सप्ताह के भीतर विद्यार्थियों सहित अन्य फ्री इंटरनैट की सुविधा का लाभ उठा पाएंगे। उक्त इंटरनैट सेवा में छात्र-छात्राएं केवल शिक्षा से संबंधित साइट ही सर्च कर पाएंगे, अन्य किसी भी साइट की सर्च पर कालेज प्रशासन द्वारा बैन कर दिया जाएगा।

यानि केवल एजुकेशनल साइट ही विद्यार्थी वहां पर प्राप्त कर पाएंगे। हालांकि 2-3 साल तक यह सेवा फ्री होगी, लेकिन उसके उपरांत उसमें कुछ चार्ज लगाया जा सकता है, लेकिन प्रशासन ने अभी तक इस बारे कुछ भी कहने से इंकार कर दिया है। इसके अलावा बी.एस.एन.एल. द्वारा फ्री इंटरनैट की सुविधा का कालेज कैंपस लाभ नहीं उठा पा रहे हैं, क्योंकि कुछ दिनों से यह सेवा तकनीकी कारणों से बंद पड़ी है।

इस संदर्भ में कालेज प्राचार्य सुनील मेहता ने बताया कि जियो कंपनी की ओर से फ्री इंटरनैट की सुविधा का काम लगभग पूर्ण कर लिया गया है तथा एक सप्ताह के भीतर विद्यार्थियों को फ्री सेवा मिलेगी।

## कालेज में लगेंगे उच्च क्षमता के सी.सी.टी.वी.



धर्मशाला, 6 जुलाई (नवीन): अब एक रिमोट कंट्रोल से पूरे धर्मशाला कालेज पर नजर रहेगी। यह रिमोट कंट्रोल प्रिंसीपल ऑफिस में स्थापित किया जाएगा, जिसे सी.सी.टी.वी. के द्वारा जोड़ा जाएगा। जानकारी के अनुसार धर्मशाला कालेज में अब पहले से उच्च क्षमता के सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाए जाएंगे, जिसके लिए कोटेशन बनाई जा चुकी है। हालांकि अभी भी कालेज में लगभग 32 कैमरे लगे हैं, लेकिन उनकी क्षमता नए सी.सी.टी.वी. कैमरा से कम है। अब गर्ल्ज होस्टल के साथ पूरे कालेज कैंपस में जहां पर कोई स्थान छूटा है, वहां पर सी.सी.टी.वी. कैमरों की व्यवस्था की जाएगी, जिससे कि कालेज की गतिविधियों पर नजर बनाई जा सके। इसके अलावा जो कैमरे लगाए गए हैं, उन्हें भी अपडेट किया जाएगा। इस संदर्भ में धर्मशाला कालेज के प्राचार्य सुनील मेहता ने बताया कि पहले भी कालेज कैंपस में सी.सी.टी.वी. कैमरे हैं, लेकिन अब उच्च क्षमता के सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाए जाएंगे तथा पुराने कैमरों को अपडेट किया जाएगा।

(211)

दिव्य हिमाचल 4/7/2017

# धर्मशाला कालेज में 463 सीटें खाली

## पहली मैरिट में फीस से वंचित छात्र दोबारा करें आवेदन, 11 जुलाई तक मौका

▪ नगर संवाददाता, धर्मशाला




पीजी कालेज धर्मशाला में 1960 सीटों के लिए 2577 आवेदनों के बावजूद 1497 ही उम्मीदवारों ने फीस जमा करवाकर दाखिला प्राप्त किया है। अब धर्मशाला महाविद्यालय में 463 विभिन्न विषयों में सीटें रिक्त चल रही हैं, जिनके लिए उम्मीदवार 11 जुलाई से पहले-पहले आवेदन जमा करवा सकेंगे। वहीं, पहली मैरिट लिस्ट में चयनित उम्मीदवार जो किन्हीं कारणों से अपनी फीस जमा करवाकर दाखिला प्राप्त नहीं कर सके हैं, उन्हें अब दोबारा एडमिशन के लिए आवेदन प्रपत्र जमा करवाने होंगे। अब दूसरी बार एडमिशन फार्म जमा करने पर ही उम्मीदवारों को मैरिट के आधार पर दाखिला मिल सकेगा। धर्मशाला कालेज में बी-वॉक विषय की सभी 80 सीटें भी पूरी तरह से भर गई हैं। धर्मशाला कालेज में पहली बार बी-वॉक के रिटेल मैनेजमेंट और हास्पिटेलिटी एंड टूरिज्म की स्टडी के लिए भी छात्रों में खूब उत्साह देखने को मिला है। अब धर्मशाला में रिक्त 463 विभिन्न विषयों में दाखिला प्राप्त करने में युवाओं में खूब जोश देखने को मिल रहा है।

> "धर्मशाला महाविद्यालय में दूसरे चरण की एडमिशन के तहत रिक्त सीटों में आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। पहली और दूसरी मैरिट में फीस से वंचित छात्रों को भी अब दोबारा दाखिले के लिए आवेदन करना होगा
>
> **प्रो. सुनील मेहता**
> प्रिंसीपल, पीजी कालेज धर्मशाला



नगरोटा बगवां : सोमवार को स्थानीय कालेज में उमड़ी छात्र-छात्राओं की भीड़। महाविद्यालय में अब तक शिक्षा सत्र 2017-18 के लिए 2656 दाखिले हुए हैं

### बीएससी बायो टेक्नोलॉजी में दाखिले का मौका



धर्मशाला - पीजी कालेज धर्मशाला में बीएससी बायो टेक्नोलॉजी में छह रिक्त सीटों में दाखिले का मौका उम्मीदवारों को प्रदान किया गया है। सामान्य श्रेणी की चार और एसटी की दो रिक्त सीटों के लिए निर्धारित आवेदन प्रपत्र सहित आवेदन जमा करवा सकते हैं। आठ जुलाई को तीन बजे से पहले-पहले आवेदन प्रपत्र कालेज प्रबंधन में जमा करवाने होंगे। रिक्त सीटों के लिए काउंसिलिंग 11 जुलाई को बायो टेक्नोलॉजी के विभाग में आयोजित की जाएगी। प्रिंसीपल धर्मशाला कालेज प्रो. सुनील मेहता ने खबर की पुष्टि की है।

### किस विषय में कितनी सीटें भरीं, कितनी रिक्त

| विषय | सीटें | भरी | आवेदन |
|---|---|---|---|
| बॉटनी | 140 | 111 | 29 |
| ज्यूलॉजी | 140 | 114 | 26 |
| केमिस्ट्री | 140 | 116 | 24 |
| फिजिक्स | 140 | 127 | 13 |
| गणित | 140 | 129 | 11 |
| जियोलॉजी | 80 | 59 | 21 |
| फाना.एसी | 200 | 184 | 16 |
| इंग्लिश | 80 | 57 | 23 |
| हिंदी | 80 | 72 | 08 |
| संस्कृत | 80 | 53 | 27 |
| इकॉनोमिक्स | 80 | 50 | 30 |
| जियोग्राफी | 80 | 73 | 07 |
| साइकोलॉजी | 80 | 42 | 38 |
| सोशोलॉजी | 80 | 70 | 10 |
| पोलसाइंस | 80 | 72 | 08 |
| फिजिजल एजु. | 40 | 27 | 13 |
| हिस्ट्री | 80 | 68 | 12 |
| कामर्शियल आर्ट | 40 | 17 | 23 |
| पेंटिंग | 40 | 08 | 32 |
| कल्चरल | 20 | 06 | 14 |
| म्यूजिक वोकल | 40 | 12 | 28 |
| म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल | 40 | 10 | 30 |
| टूरिज्म एंड ट्रैवल | 40 | 20 | 20 |

### विशाल सेक्शन को संभालना होगा चैलेंज

कालेज में कई विषयों के लिए एक-एक ही प्राध्यापक होने की वजह से छात्रों की विशाल सेक्शन को संभाल पाना शिक्षकों के लिए दिक्कत भरा होगा। हिंदी व राजनीति शास्त्र सहित कई विषय होंगे, जहां पर्याप्त फैकल्टी न होने की वजह से 200 के करीब छात्रों को एक सेक्शन में रखकर पढ़ाना उनकी मजबूरी होगी। इसके लिए क्लासरूम की व्यवस्था भी छोटी साबित होगी। कालेज में शारीरिक शिक्षा विषय को आरंभ करने के लिए नियमित शिक्षक उपलब्ध है, लेकिन पॉलिटिकल साइंस, सोशोलॉजी, हिंदी तथा हिस्ट्री आदि ऐसे विषय हैं जिसके लिए कालेज में एक-एक प्राध्यापक की ही व्यवस्था है।

दिव्य हिमाचल 7/7/2017

# धर्मशाला में 463 सीटों को 172 आवेदन

## कल जारी होगी दूसरे चरण की मैरिट लिस्ट, 11 तक जमा होगी फीस

▪ स्टाफ रिपोर्टर, धर्मशाला

पीजी कालेज धर्मशाला में 463 विभिन्न विषयों में रिक्त सीटों के लिए अब तक 172 आवेदन पहुंच गए हैं। सात जुलाई शुक्रवार को अंतिम दिन रिक्त सीटों के लिए उम्मीदवार आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद आठ जुलाई शनिवार को दूसरे चरण की मैरिट लिस्ट जारी कर दी जाएगी। मैरिट के आधार पर चयनित होने वाले उम्मीदवारों को 11 जुलाई से पहले-पहले अपनी फीस जमा करवानी होगी। धर्मशाला में रिक्त 463 विभिन्न विषयों में दाखिला प्राप्त करने के लिए युवा पहुंच रहे हैं। गुरुवार तक महाविद्यालय में अब तक 172 आवेदन पहुंच पाए हैं। उधर, पीजी कालेज धर्मशाला प्रिंसीपल प्रो. सुनील मेहत्ता ने बताया कि दूसरे चरण की एडमिशन के तहत रिक्त सीटों में आवेदन शुक्रवार तक स्वीकार किए जाएंगे।

### बैजनाथ कालेज में घटी छात्रों की संख्या

▪ कार्यालय संवाददाता, बैजनाथ




पं. संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में सत्र 2017 में अभी तक 2017 बच्चों ने एडमिशन ली है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 250 छात्र-छात्राओं की कमी रही, जिसका मुख्य कारण है कि इस बार जमा दो परीक्षा परिणामों में रिजल्ट काफी खराब रहे ऊपर से प्रदेश सरकार व विश्व विद्यालय द्वारा यह आदेश जारी कर दिए हैं कि जिसकी भी कंपार्टमेंट आई हो वह महाविद्यालय में प्रवेश नहीं ले सकता। इस बार बीए, बीकॉम, बीएससी में 1794, बीसीए में 90, बीबीए में 82, बायोटेक में 51 बच्चों ने दाखिला लिया। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि आने वाले सोमवार से महाविद्यालय में कक्षाएं लगनी आरंभ हो जाएंगी। बैजनाथ महाविद्यालय में प्राध्यापकों की कमी के चलते पढ़ाई सुचारू ढंग से नहीं चल पा रही है। वैसे तो इस महाविद्यालय में पीजी कक्षा आरंभ हो चुकी हैं, मगर सिवाय अंग्रेजी के बाकी विषयों में प्राध्यापकों की कमी के चलते पीजी कक्षाएं आरंभ ही नहीं हो पा रही हैं। विश्वविद्यालय द्वारा यहां पर एमए हिंदी, अर्थशास्त्र, इतिहास, ज्योग्राफी को शुरू करने के फरमान जारी कर रखे हैं। मगर बिना प्राध्यापकों के बैजनाथ महाविद्यालय में इन विषयों की एमए कक्षाएं आरंभ ही नहीं हो पा रही हैं। अभी तक अंग्रेजी विषय में ही एमए करवाई जा रही है। हालात यह है कि अंग्रेजी विभाग के लिए चार प्राध्यापक चाहिए, मगर यहां पर मात्र दो प्राध्यापक ही जैसे-तैसे पढ़ाई करवा रहे हैं। यही नहीं, अर्थशास्त्र, संस्कृत, हिंदी, पोल साइंस, इतिहास विषयों में एक-एक प्राध्यापक हैं। बैजनाथ कालेज में प्राध्यापकों की कमी के चलते पांच विषयों के लिए पीजी की कक्षाएं ही आरंभ नहीं हो पा रही हैं।

### किस विषय में कितनी सीटें भरी, कितनी रिक्त

| विषय | -सीटें | -भरी | -रिक्त |
|---|---|---|---|
| बॉटनी | -140 | -111 | -29 |
| ज्यूलॉजी | -140 | -114 | -26 |
| केमिस्ट्री | -140 | -116 | -24 |
| फिजिक्स | -140 | -127 | -13 |
| गणित | -140 | -129 | -11 |
| जियोलॉजी | -80 | -59 | -21 |
| फाइनांसियल एसी | -200 | -184 | -16 |
| इंग्लिश | -80 | -57 | -23 |
| हिंदी | -80 | -72 | -08 |
| संस्कृत | -80 | -53 | -27 |
| इकॉनोमिक्स | -80 | -50 | -30 |
| ज्योग्राफी | -80 | -73 | -07 |
| साइकोलॉजी | -80 | -42 | -38 |
| सोशालोजी | -80 | -70 | -10 |
| पालिटिक्ल साइंस | -80 | -72 | -08 |
| फिजिकल एजु. | -40 | -27 | -13 |
| हिस्ट्री | -80 | -68 | -12 |
| कसमर्शियल आर्ट | -40 | -17 | -23 |
| पेंटिगं | -40 | -08 | -32 |
| कल्चरल | -20 | -06 | -14 |
| म्यूजिक वोकल | -40 | -12 | -28 |
| म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल | -40 | -10 | -30 |
| टूरिज्म एंड ट्रैवल | -40 | -20 | -20 |

(२१२)

अमर उजाला (26/7/17)

Society For Professional, Vocational & Add On Courses

## GOVT. POST GRADUATE COLLEGE

Dharamshala-176215 (H.P.) NAAC 'A' Accredited College

Established Since 1926

www.gcdharmshala.ac.in Ph /Fax : 01892-224894, 225394

### ADVERTISEMENT FOR WALK-IN-INTERVIEW

Govt. Post Graduate College Dharamshala (H.P.)-176215 will conduct walk-in-interview for the following posts of Assistant Professor (Guest / Core Faculty) under Self Finance scheme for the Session 2017-18 only. Detail of posts is given below:

| Sr. No. | Subject / Course For Teaching | No. of posts | Qualification / Eligibility | Date of Interview |
|---|---|---|---|---|
| 1. | BBA | 01 | M.Com. / MBA As per UGC / HP University Norms | 02.08.2017 |
| 2. | MBA | 01 (Finance) | As per AICTE / HP Technical University / UGC norms | 02.08.2017 |

Only eligible candidates are required to report for Walk In Interview at 11:00 A.M. alongwith their Bio-Data, Original and Photocopies of all the testimonials / Certificates in the office of the Undersigned on the Date Mentioned above. Candidates with requisite qualifications with NET / SLET/M.Phil/Ph.D. in the concerned subject will be given perference. Emoluments will be paid on consolidated basis / Lecture Basis out of Self Finance funds. Retired persons having requisite qualification can also be considered. No TA/DA will be paid for attending the Interview. The college reserves the right not to fill any of the above post if no suitable candidates is found.

(Dr. Vikram Shree Vats)
Member Secretary
SPVAC, Govt. P.G. College
Dharamshala (HP)

(Prof. Sunil K. Mehta)
Principal cum Chairman
SPVAC, Govt. P.G. College
Dharamshala (H.P.)

The Tribune (26/7/17)

Society for Professional, Vocational & Add On Courses

## GOVT. POST GRADUATE COLLEGE

DHARAMSHALA — 176215 (H.P.) NAAC 'A' Accredited College

Established Since 1926

www.gcdharamshala.ac.in Ph./Fax 01892-224894, 225394

### ADVERTISEMENT FOR WALK-IN INTERVIEW

Govt. Post Graduate College Dharamshala (H.P.) –176215 will conduct walk-in Interview for the following posts of Assistant Professor (Guest/Core Faculty) under Self Finance scheme for the Session 2017-18 only. Detail of posts is given below:

| Sr. No. | Subject/Course For Teaching | No. of Posts | Qualification/Eligibility | Date of Interview |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BBA | 01 | M.Com/MBA As per UGC/HP University norms | 02.08.2017 |
| 2 | MBA | 01 (Finance) | As per AICTE/HP Technical University UGC norms | 02.08.2017 |

Only eligible candidates are required to report for Walk-In Interview at 11:00 a.m. along with their Bio-Data, Original and Photocopies of all the testimonials/Certificates in the office of the Undersigned on the Date Mentioned above. Candidates with requisite qualifications with NET/SLET/M.Phil/Ph.D in the concerned subject will be given preference. Emoluments will be paid on consolidate basis/Lecture Basis out of Self Finance funds. Retired persons having requisite qualification can also be considered. No TA/DA will be paid for attending the Interview. The college reserves the right not to fill any of the above post if no suitable candidate is found.

(Dr. Vikram Shree Vats),
Member Secretary, SPVAC,
Govt. P.G. College Dharamshala (H.P.).

TRC-14315

(Prof. Sunil K. Mehta),
Principal cum Chairman, SPVAC,
Govt. P.G. College Dharamshala (H.P.).

अमर उजाला

## धर्मशाला कॉलेज में भरेंगी एमए अंग्रेजी की 40 सीटें

**धर्मशाला (कांगड़ा)।** डिग्री कॉलेज धर्मशाला में एमए अंग्रेजी की 40 सीटें भरी जाएंगी। इसके लिए 17 जुलाई से प्रोस्पेक्टस जारी किए जाएंगे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुनील मेहता ने बताया कि एमए अंग्रेजी को आवेदन के लिए 26 जुलाई को अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। वहीं, 28 जुलाई को मेरिट सूची जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि एमए अंग्रेजी में केवल उन्हीं के आवेदन मान्य होंगे, जिन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में भाग लिया हो।

(04/08/2017)

amarujala.com अमर उजाला

# धर्मशाला कॉलेज में एमकॉम और एमए अर्थशास्त्र का प्रस्ताव भेजा

## उच्च शिक्षा विभाग से मंजूरी मिलने के बाद शुरू होगी पढ़ाई

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला।

डिग्री कॉलेज धर्मशाला में एमकॉम और एमए अर्थशास्त्र के विषय भी शीघ्र शुरू हो सकते हैं। इसके लिए कॉलेज प्रशासन ने उच्च शिक्षा विभाग को प्रपोजल बनाकर भेजा है।

विभाग से स्वीकृति मिलते ही कॉलेज में एमकॉम और एमए अर्थशास्त्र की कक्षाएं भी शुरू की जाएंगी। कॉलेज में दोनों विषयों की स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू होने के बाद यहां के विद्यार्थियों को एमकॉम और एमए अर्थशास्त्र के लिए शिमला का रुख नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा कॉलेज में एमएससी जूलॉजी विषय के प्राध्यापकों की डिमांड भी भेजी गई है। नेक से ए ग्रेड हासिल धर्मशाला कॉलेज में पढ़ाई का माहौल बनाने के लिए काम किया जा रहा है। वहीं, विद्यार्थियों की सुविधाएं बढ़ाने के लिए भी योजना बनाई गई है। इस कड़ी में एमसीए विभाग में नए कंप्यूटर स्थापित किए जा रहे हैं। साथ ही आम विद्यार्थियों के लिए भी कंप्यूटर लैब की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा कॉलेज में बिजली मरम्मत कार्य, पेयजल कनेक्शन की मरम्मत, शौचालय की मरम्मत, कॉलेज के मुख्य कैंपस से आर्ट्स ब्लॉक तक केनोपी, बिजली की व्यवस्था के लिए नया जेनेरेटर सहित 40 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरा स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि कॉलेज में आउट साइडर्स के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जा सके। उधर, कॉलेज प्राचार्य सुनील मेहता ने बताया कि कॉलेज में नए विषय शुरू करने के लिए प्रपोजल भेजा है। इसे स्वीकृति मिलने के बाद नए विषय शुरू हो जाएंगे।

### एमएससी जूलॉजी में प्राध्यापकों की नियुक्ति की मांग भी उठाई

अमर उजाला 12/08/2017

दैनिक जागरण

(213)



## पौधरोपण

धर्मशाला महाविद्यालय में लाइब्रेरियन डे पर आयोजित कार्यक्रम में पौधरोपण करते कॉलेज प्राचार्य सुनील मेहता • जागरण





डिग्री कॉलेज धर्मशाला में आयोजित पुस्तकालय दिवस में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में विजेता प्रतिभागी प्राचार्य सुनील मेहता के साथ।

## भाषण प्रतियोगिता में नैंसी रही प्रथम

**धर्मशाला।** डिग्री कॉलेज धर्मशाला में पुस्तकालय विज्ञान के जनक पदमश्री डॉ. एसआर रंगनाथन की स्मृति में उनका जन्मदिन पुस्तकालय अध्यक्ष दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता ने किया। कार्यक्रम में आयोजित भाषण प्रतिस्पर्धा में नैंसी कुमारी प्रथम, अर्णव द्वितीय और नितीश कुमार तृतीय रहे, जबकि स्लोगन राइटिंग में अतुल प्रथम, सांये दोरजे द्वितीय और नीरज ठाकुर तृतीय रहे। पोस्टर मेकिंग में दीक्षा धीमान प्रथम, प्रतीक्षा द्वितीय और मोनिका तृतीय रहीं। कोलाज में सोनाली चौधरी प्रथम, अभिषेक द्वितीय और दीक्षा कुमारी तृतीय रहीं। कार्यक्रम का आयोजन पुस्तकालय विभाग की अध्यक्ष अंजना धरवाल, लाइब्रेरी उपाध्यक्ष रमेश भाटिया और राजन डोगरा ने किया। **ब्यूरो**

20/08/2017

अमर उजाला | कांगड़ा



धर्मशाला कॉलेज में एमबीए के ओरिएंटेशन कार्यक्रम में विधार्थी तकनीकी विवि हमीरपुर के डीन डॉ.एनएन शर्मा और प्राचार्य सुनील मेहता के साथ।

# प्रशिक्षुओं को दिए निजी क्षेत्र में रोजगार के गुर

### डिग्री कॉलेज धर्मशाला में चार दिवसीय सेमिनार का आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला।

डिग्री कॉलेज धर्मशाला के एमबीए विभाग के प्रशिक्षुओं को निजी क्षेत्र में स्थापित होने के गुर दिए गए। साथ ही निजी क्षेत्र में कार्य के दौरान सामने आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान की भी जानकारी दी। इसके लिए कॉलेज में एमबीए विभाग के प्रशिक्षुओं के लिए चार दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर शनिवार को हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक डॉ. एनएन शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता मुख्य रूप से मौजूद रहे। एचपीटीयू के डीन एकेडमिक डॉ. एनएन शर्मा ने एमबीए प्रशिक्षुओं को प्रोफेशनल एजूकेशन के चैलेंज और उनके समाधान की जानकारी दी। वहीं, प्राचार्य मेहता ने अपने अनुभव साझा करते हुए निजी क्षेत्र में अपने आप को स्थापित करने के गुर दिए। एमबीए विभाग के समन्वयक डॉ. मदन गुलेरिया ने बताया कि प्रोग्राम में एमबीए विभाग के प्रथम सत्र के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। समापन पर एमबीए विभाग से प्राध्यापक अखिल गौत्तम, अंकिता सूद, मेघना सूद और प्रियंका शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

अमर उजाला 20/8/17

# 77 विद्यार्थियों ने लिया बी-वॉक में दाखिला

### कोर्सों के शुभारंभ पर विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से बांधा समां

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला।

डिग्री कॉलेज धर्मशाला में बी-वॉक के तहत शुरू हुए टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी मैनेजमेंट और रिटेल मैनेजमेंट का शनिवार को विधिवत शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

धर्मशाला कॉलेज के बी-वॉक नोडल ऑफिसर डॉ. नीरज कुमार शर्मा ने बी-वॉक के दोनों कोर्स की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कॉलेज में टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी मैनेजमेंट में 38, जबकि रिटेल मैनेजमेंट में 39 विद्यार्थियों ने एडमिशन ली है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। आरती कपूर, कंचन यादव, पारस राणा और सिराज ठाकुर ने बी-वॉक कोर्स चुनने के लिए मिली प्रेरणा के बारे में बताया।

वहीं, टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी ट्रेनर कनिका सूद और रिटेल मैनेजमेंट के ट्रेनर कुनाल कश्यप ने बी-वॉक कोर्स की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सुनील धर, डॉ. संजय पठानिया, डॉ. मोहिंद्र पाल, प्रो. इंदु शर्मा, प्रो. भावना, डॉ. स्नेहलता, प्रो. अभिदित्य गौतम और सुरिंद्र कुमार आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

२१५ पंजाब केसरी 20/08/17

# 4 दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का समापन



धर्मशाला : धर्मशाला कालेज में ओरिएंटेशन प्रोग्राम में मौजूद एम.बी.ए. के विद्यार्थी व अन्य। (छाया)

धर्मशाला, 19 अगस्त (नरेश): राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के एम.बी.ए. विभाग फर्स्ट सैमेस्टर के विद्यार्थियों की 4 दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का शनिवार को समापन हुआ। इस समापन समारोह में एच.पी. टैक्नीकल यूनिवर्सिटी के डीन एकैडमिक डा. एन.एन. शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा की चुनौतियों के प्रति अवगत करवाया और इसके समाधान बताया। इस मौके पर विभाग के अखिल गौतम, अंकिता सूद, मेघना सूद व प्रियंका शर्मा आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला 19/8/17

## कॉलेज की सफाई की

धर्मशाला। डिग्री कॉलेज धर्मशाला में एनएसएस स्वयंसेवियों ने स्वच्छता अभियान छेड़ा। कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता के नेतृत्व में एनएसएस स्वयं सेवियों ने कॉलेज परिसर की सफाई की। एनएसएस प्रभारी प्रो हेमंत कुमार ने बताया कि अभियान के तहत एनएसएस स्वयं सेवियों को जहां स्वच्छता का संदेश दिया गया।

अमर उजाला
दिनांक 22/08/2017

# एमसीए स्टूडेंट्स को दिए जाएंगे भविष्य संवारने के टिप्स

धर्मशाला। डिग्री कॉलेज धर्मशाला के एमसीए विभाग में दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता ने किया। प्रोग्राम के तहत एमसीए के प्रशिक्षुओं को कंप्यूटर के क्षेत्र में भविष्य संवारने के टिप्स दिए जाएंगे।

साथ ही निजी और सरकारी क्षेत्र में संभावनाओं के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। पहले दिन एमसीए के प्रशिक्षुओं को वर्तमान समय में अत्याधुनिक तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। प्रो. मनोज धीमान ने विद्यार्थियों को भविष्य में नई संभावनाओं की जानकारी दी। साथ ही आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन के बारे में भी बताया। एमसीए विभाग के समन्वयक डॉ प्रमोद पटियाल ने पर्सनैलिटी डेवलपमेंट पर जोर देते हुए निजी क्षेत्र के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने का आह्वान किया। इस मौके पर डॉ पूनम ठाकुर, डॉ सतीश सूद, सचिन अवस्थी और सुशीला पंठानिया मुख्य रूप से मौजूद रहीं।

## खुंडियां कॉलेज में लगाए पौधे

खुंडियां (कांगड़ा)। राजकीय महाविद्यालय खुंडिया के निर्माणाधीन भवन के परिसर में गठित इको क्लब की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वन विभाग ने औषधीय पौधे उपलब्ध करवाए। प्राचार्य आरएस पटियाल ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर प्रो. बीएस परमार, प्रो. राजेश, प्रो. सारिका, डॉ. अतुल आचार्य, प्रो. नरेश, प्रो. शिव कुमार, प्रो. स्वाति चौहान, प्रो. लोकेश, डॉ सुनील, प्रो. सरवन कुमार, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. अनिका परमार शामिल रहे।



धर्मशाला कॉलेज में सोमवार एमसीए विभाग में आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थी प्राचार्य सुनील मेहता के साथ।

अमर उजाला दिनांक 22/08/2017

215

# एनएसएस स्वयंसेवियों ने किया रक्तदान




धर्मशाला कॉलेज में आयेजित रक्तदान शिविर में भाग लेते प्राचार्य सुनील मेहता और अध्यापक।

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला। डिग्री कॉलेज धर्मशाला में एनएसएस स्वयंसेवियों ने सोमवार को रक्तदान शिविर लगाया। सात दिवसीय कैंप के तहत स्वयं सेवियों ने 60 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता ने किया। इसमें एनएसएस स्वयं सेवियों सहित अन्य विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। कॉलेज प्राचार्य प्रो सुनील के मेहता ने स्वयं सेवियों को समाज सेवा में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हेमंत शर्मा और डॉ. मोनिका मक्कड़ ने बताया कि सात दिवसीय कार्यक्रम में स्वयं सेवियों के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। इस मौके पर डॉ. राधिका, डॉ. सतीश ठाकुर, डॉ. नरेश मनकोटिया, डॉ. प्रमोद पटियाल, प्रो. शुभ्रा गुप्ता, प्रो. पूजा धीमान, प्रो. भावना, प्रो. मिथुन, डॉ. मोनिका शर्मा, डॉ. धीरज रावत और सुरेंद्र कुमार आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

अमर उजाला 23/08/17

## स्वयंसेवियों में भरे जा रहे नेतृत्व के गुण

धर्मशाला (कांगड़ा)। डिग्री कॉलेज धर्मशाला में एनएसएस स्वयं सेवियों के बीच मंगलवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में प्रो. सपना बंटा और सुभ्रा गुप्ता नें बतौर निर्णायक मंडल भूमिका अदा की। कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हेमंत शर्मा और डॉ मोनिका मक्कड़ ने बताया कि सात दिवसीय शिविर के चलते स्वयं सेवियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं।

अमर उजाला 23/08/17



धर्मशाला कॉलेज में एमसीए विभाग के दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम के समापन पर एचपीटीयू के डीन एकेडमिक डॉ. एनएन शर्मा के साथ प्रतिभागी।

## तकनीकी शिक्षा में चुनौती और समाधान पर चर्चा

धर्मशाला। डिग्री कॉलेज धर्मशाला में एमसीए विभाग के दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम में प्रशिक्षुओं को तकनीकी शिक्षा में आने वाली चुनौतियों और उसके समाधान की जानकारी दी गई। दो दिवसीय कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के अकादमिक डीन डॉ. एनएन शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो सुनील के मेहता ने की। इस दौरान डीन शर्मा ने प्रशिक्षुओं को तकनीकी शिक्षा और इस क्षेत्र में भविष्य में आने वाली चुनौतियों के साथ इसके समाधान की भी जानकारी दी। इस मौके पर एमसीए विभाग के कॉर्डिनेटर डॉ. प्रमोद एस पटियाल, प्राध्यापक पवन ठाकुर, डॉ. सतीश सूद, प्रो सचिन अवस्थी और प्रो. सुशीला पठानिया मुख्य रूप से मौजूद रहीं। ब्यूरो

23/08/2017.

amarujala.com अमर उजाला



डिग्री कॉलेज धर्मशाला की छात्राओं के जनरल हॉस्टल में आयोजित फ्रेशर पार्टी के लिए बनाई गई रंगोली।

216

25/08/17 दैनिक जागरण

# विद्यार्थियों ने जगाई स्वच्छता की अलख

## धर्मशाला महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवियों ने निकाली रैली




धर्मशाला महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवी और एनसीसी कैडेट्स स्वच्छता जागरूकता रैली निकालते हुए ● जागरण

**धर्मशाला** : राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में एनएसएस और एनसीसी के विद्यार्थियों ने स्वच्छता पखवाड़े के तहत वीरवार को जागरूकता रैली निकाली। एनएसएस प्रभारी डॉ. मोनिका मक्कड़ की अगुवाई में निकाली गई रैली को कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता ने हरी झंडी देकर रवाना किया। आयोजन में एनएसएस स्वयंसेवियों सहित एनसीसी की गर्ल्स कैडेट्स ने भाग लिया। महाविद्यालय से शुरू हुई स्वच्छता जागरूकता रैली कचहरी अड्डा, डीसी कार्यालय होते हुए शहीद स्मारक में संपन्न हुई। एनएसएस प्रभारी-डॉ. मोनिका मक्कड़ ने बताया कि आठ दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े के तहत महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन गया। इस दौरान स्वयंसेवियों और विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की। साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया और इसमें प्राध्यापकों सहित 60 विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। वीरवार को रैली के बाद महाविद्यालय में पौधरोपण भी किया गया और विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। मोनिका मक्कड़ ने बताया कि शुक्रवार को आठ दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई जाएगी। इस मौके पर डॉ. मोनिका शर्मा, डॉ. हेमंत शर्मा व प्रो. सपना बंटा मौजूद रहे।

26/08/2017/ दैनिक जागरण

# भाषण में सूरज, स्लोगन में शीतल प्रथम

## धर्मशाला कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा संपन्न, प्राचार्य ने सम्मानित किए विजेता प्रतिभागी

**संवाद सहयोगी, धर्मशाला** : राजकीय महाविद्यालय में चल रहे एनएसएस के आठ दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन समारोह में कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय गीत की प्रस्तुति दी। एनएनएन प्रभारी डॉ. मोनिका मक्कड़ और डॉ. हेमंत शर्मा ने आठ दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े की गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की। उन्होंने बताया कि 18 अगस्त को शुरू हुए स्वच्छता पखवाड़े में 19 अगस्त को स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। 21 अगस्त को महाविद्यालय में एनसीसी, एनएसएस और रेड रिबन क्लब द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 22 अगस्त को स्वच्छता पर भाषण प्रतियोगिता करवाई गई, जबकि 24 अगस्त को महाविद्यालय से उपायुक्त कार्यालय होते हुए शहीद स्मारक तक जागरूकता रैली निकाली गई। इसके बाद महाविद्यालय में पौधरोपण भी किया गया।

मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. सुनील ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आदिति मल्ली को पहले, दिवांशी डोगरा को दूसरे और सुदेश बेदी को तीसरे स्थान के लिए सम्मानित किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में शीतल धीमान प्रथम, अंकिता द्वितीय और अनुराधा तृतीय स्थान पर रही। जबकि भाषण प्रतियोगिता में सूरज ने पहला, नैंसी ने दूसरा और अंकिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रो. सुनील मेहता ने कहा कि हमें स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रयास करने चाहिए और हमें अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने के साथ लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना चाहिए, ताकि पर्यावरण बचा रहे। इस मौके पर डॉ. सुनील धर, प्रो. इंदु शर्मा, डॉ. सविता सिंह, प्रो. शुभ्रा गुप्ता, डॉ. मदन गुलेरिया, प्रो. पूजा धीमान, प्रो. सुरेंद्र कुमार और प्रो. मिथुन दत्त मौजूद रहे।



धर्मशाला महाविद्यालय मे एनएसएस के आठ दिवसीस स्वच्छता पखवाडे के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता कॉलेज प्राचार्य सुनील मेहता के साथ ।इस दौरान स्वयसेवियो ने लोगों को पौधरोपण करने के लिए भी प्रेरित किया ● जागरण

पंजाब केसरी 04/09/2017

# पी.टी.ए. चुनाव 7 को

धर्मशाला, 3 सितम्बर (ब्यूरो): राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की पी.टी.ए. की नई कार्यकारिणी का गठन कोरम पूरा न होने के कारण स्थगित हो गया। बैठक में सिर्फ 43 ही अभिभावक पहुंच पाए जबकि 10 प्रतिशत कोरम के हिसाब से यह संख्या 400 होनी चाहिए थी। महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील मेहता के अनुसार पी.टी.ए. के यह चुनाव अब 7 सितम्बर को कॉलेज के प्रयास हाल में पुन: करवाए जाएंगे।

07/09/17 अमर उजाला

## धर्मशाला कॉलेज में केक काट मनाया अध्यापक दिवस

धर्मशाला। डिग्री कॉलेज धर्मशाला में वी बॉक के विद्यार्थियों ने अध्यापक दिवस मनाया। कार्यक्रम में वी बॉक के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। साथ ही विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं भी आयोजित की गईं। अध्यापकों ने विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए आने वाले समय में छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए प्रण लिया। इस मौके पर वी बॉक के नोडल ऑफिसर नीरज कुमार शर्मा, डॉ. संजय पठानिया, डॉ. अरविंद चौधरी, प्रो. सुरेंद्र कुमार, प्रो. संघर्ष सैणी, कनिका सूद और कुनाल कश्यप आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# कॉलेज के छात्रों ने जाना, जुगाड़ और इनोवेशन शब्दों का मतलब

### डिग्री कॉलेज धर्मशाला में विज्ञान, तकनीक और पर्यावरण पर सेमिनार

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला।

डिग्री कॉलेज धर्मशाला ने हिमाचल विज्ञान, तकनीकी एवं पर्यावरण परिषद के साथ मिलकर विज्ञान, तकनीकी और पर्यावरण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील मेहता ने किया।

हिमाचल विज्ञान, तकनीकी और पर्यावरण परिषद प्रदेश भर के स्कूलों और कॉलेजों में विज्ञान, तकनीकी और पर्यावरण विषय पर संवाद कर छात्रों की विज्ञान में रुचि बढ़ा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को धर्मशाला कॉलेज में भी विद्वानों, अध्यापकों और शोधकर्ताओं ने अपने विचार साझा किए। सेमिनार में पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. आरके कोहली ने वैज्ञानिक क्यूं और कैसे बनें पर अपने विचार रखे। साथ ही छात्रों के साथ पंजाब में मोबाइल फोन की तरंगों के दुष्प्रभावों पर अपने शोध के परिणाम भी बताए। प्रो. राजीव पुरी ने भौतिक के इतिहास का वर्तमान विज्ञान में महत्व के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने की अपील की, जबकि कुणाल सत्यार्थी, आईएफएस ने भारत के संदर्भ में जुगाड़ और इनोवेशन शब्दों के अर्थ को समझाया। साथ ही हिमाचल विज्ञान, तकनीकी और पर्यावरण परिषद के उद्देश्यों और छात्रों को दिए जाने वाले अवसरों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में कॉलेज के विज्ञान विभाग के विभिन्न विषयों के लगभग 800 छात्रों ने भाग लिया। इस मौके पर प्रो. सुनील धर, प्रो. विक्रम, प्रो. संजय गुप्ता, प्रो. संजय पठानिया, प्रो. जनेश जोशी और प्रो. सविता सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहीं।



दिल्ली एनसीएसटीसी एवं प्रदेश काउंसिल फॉर साइंस टेक्नोलॉजी एवं पर्यावरण शिमला के तत्वावधान में धर्मशाला कॉलेज सभागार में विज्ञान गतिविधियों पर आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी।

अमर उजाला 09/9/17

## महिला क्रॉस कंट्री में धर्मशाला कॉलेज विजेता



कुल्लू के बंजार कॉलेज में आयोजित क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में विजेता रही धर्मशाला की खिलाड़ी प्राचार्य सुनील मेहता, डीपीई डॉ.नरनेश मनकोटिया और कैप्टन हीना के साथ।

धर्मशाला। डिग्री कॉलेज बंजार (कुल्लू) में हुई महिला क्रॉस कंट्री में डिग्री कॉलेज धर्मशाला की खिलाड़ी छात्राओं ने उम्दा प्रदर्शन किया है।

प्रतियोगिता में कॉलेज की खिलाड़ी छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन कर कॉलेज पहुंची छात्राओं और कॉलेज के डीपीई डॉ. नरेश सिंह मनकोटिया और टीम प्रभारी डॉ. हेमंत शर्मा को प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता ने बधाई दी। कॉलेज की ओर से हिना ठाकुर ने टीम का नेतृत्व किया, जबकि मनीषा ठाकुर, मनीषा वर्मा, मनीषा कुमारी, सुनीता और विशाखा टीम की सदस्य रहीं। ब्यूरो

दिनांक 08/09/2017

**दिव्य हिमाचल**

divyahimachal.com

### एक नज़र

## पीसी डढवाल धर्मशाला कालेज एसएमसी अध्यक्ष



धर्मशाला – राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में पीटीए की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता ने की। इसमें पीसी डढवाल को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। राजन शर्मा को उपप्रधान, डा. जनेश जोशी को सचिव, सहसचिव राकेश चौहान को बनाया गया, जबकि प्रो. मदन गुलेरिया को कोषाध्यक्ष बनाया गया। किरण कांता, रेखा पठानिया, निशा, बॉबी और सुमन सिंह को कार्यकारी सदस्य चुना गया। इस अवसर पर डा. सुनील धर, प्रो. मीरा वालिया, डा. जनेश जोशी, प्रो. विक्रम वत्स, प्रो. सपना बंटा, डा. ध्यान सिंह सुपरिंटेंडेंट संजीव ठाकुर, संजीव कटोच आदि उपस्थित रहे।

216

25/08/17 दैनिक जागरण

# विद्यार्थियों ने जगाई स्वच्छता की अलख

## धर्मशाला महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवियों ने निकाली रैली




धर्मशाला महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवी और एनसीसी कैडेट्स स्वच्छता जागरूकता रैली निकालते हुए ● जागरण

**धर्मशाला** : राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में एनएसएस और एनसीसी के विद्यार्थियों ने स्वच्छता पखवाड़े के तहत वीरवार को जागरूकता रैली निकाली। एनएसएस प्रभारी डॉ. मोनिका मक्कड़ की अगुवाई में निकाली गई रैली को कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता ने हरी झंडी देकर रवाना किया। आयोजन में एनएसएस स्वयंसेवियों सहित एनसीसी की गर्ल्स कैडेट्स ने भाग लिया। महाविद्यालय से शुरू हुई स्वच्छता जागरूकता रैली कचहरी अड्डा, डीसी कार्यालय होते हुए शहीद स्मारक में संपन्न हुई। एनएसएस प्रभारी डॉ. मोनिका मक्कड़ ने बताया कि आठ दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े के तहत महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन गया। इस दौरान स्वयंसेवियों और विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की। साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया और इसमें प्राध्यापकों सहित 60 विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। वीरवार को रैली के बाद महाविद्यालय में पौधरोपण भी किया गया और विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। मोनिका मक्कड़ ने बताया कि शुक्रवार को आठ दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई जाएगी। इस मौके पर डॉ. मोनिका शर्मा, डॉ. हेमंत शर्मा व प्रो. सपना बंटा मौजूद रहे।

26/08/2017 / दैनिक जागरण

# भाषण में सूरज, स्लोगन में शीतल प्रथम

## धर्मशाला कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा संपन्न, प्राचार्य ने सम्मानित किए विजेता प्रतिभागी



धर्मशाला महाविद्यालय मे एनएसएस के आठ दिवसीस स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता कॉलेज प्राचार्य सुनील मेहता के साथ। इस दौरान स्वयसेवियों ने लोगों को पौधरोपण करने के लिए भी प्रेरित किया ● जागरण

**संवाद सहयोगी, धर्मशाला** : राजकीय महाविद्यालय में चल रहे एनएसएस के आठ दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन समारोह में कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय गीत की प्रस्तुति दी। एनएनएन प्रभारी डॉ. मोनिका मक्कड़ और डॉ. हेमंत शर्मा ने आठ दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े की गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की। उन्होंने बताया कि 18 अगस्त को शुरू हुए स्वच्छता पखवाड़े मैं 19 अगस्त को स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। 21 अगस्त को महाविद्यालय में एनसीसी, एनएसएस और रेड रिबन क्लब द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 22 अगस्त को स्वच्छता पर भाषण प्रतियोगिता करवाई गई, जबकि 24 अगस्त को महाविद्यालय से उपायुक्त कार्यालय होते हुए शहीद स्मारक तक जागरूकता रैली निकाली गई। इसके बाद महाविद्यालय में पौधरोपण भी किया गया।

मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. सुनील ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आदिति मल्ली को पहले, दिवांशी डोगरा को दूसरे और सुदेश बेदी को तीसरे स्थान के लिए सम्मानित किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में शीतल धीमान प्रथम, अंकिता द्वितीय और अनुराधा तृतीय स्थान पर रही। जबकि भाषण प्रतियोगिता में सूरज ने पहला, नैंसी ने दूसरा और अंकिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रो. सुनील मेहता ने कहा कि हमें स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रयास करने चाहिए और हमें अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने के साथ लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना चाहिए, ताकि पर्यावरण बचा रहे। इस मौके पर डॉ. सुनील धर, प्रो. इंदु शर्मा, डॉ. सविता सिंह, प्रो. शुभ्रा गुप्ता, डॉ. मदन गुलेरिया, प्रो. पूजा धीमान, प्रो. सुरेंद्र कुमार और प्रो. मिथुन दत्त मौजूद रहे।

पंजाब केसरी 04/09/2017.

# पी.टी.ए. चुनाव 7 को

धर्मशाला, 3 सितम्बर (ब्यूरो): राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की पी.टी.ए. की नई कार्यकारिणी का गठन कोरम पूरा न होने के कारण स्थगित हो गया। बैठक में सिर्फ 43 ही अभिभावक पहुंच पाए जबकि 10 प्रतिशत कोरम के हिसाब से यह संख्या 400 होनी चाहिए थी। महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील मेहता के अनुसार पी.टी.ए. के यह चुनाव अब 7 सितम्बर को कॉलेज के प्रयास हाल में पुन: करवाए जाएंगे।

217

07/09/17 अमर उजाला

## धर्मशाला कॉलेज में केक काट मनाया अध्यापक दिवस

धर्मशाला। डिग्री कॉलेज धर्मशाला में वी बॉक के विद्यार्थियों ने अध्यापक दिवस मनाया। कार्यक्रम में वी बॉक के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। साथ ही विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं भी आयोजित की गईं। अध्यापकों ने विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए आने वाले समय में छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए प्रण लिया। इस मौके पर वी बॉक के नोडल ऑफिसर नीरज कुमार शर्मा, डॉ. संजय पठानिया, डॉ. अरविंद चौधरी, प्रो. सुरेंद्र कुमार, प्रो. संघर्ष सैणी, कनिका सूद और कुनाल कश्यप आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# कॉलेज के छात्रों ने जाना, जुगाड़ और इनोवेशन शब्दों का मतलब

## डिग्री कॉलेज धर्मशाला में विज्ञान, तकनीक और पर्यावरण पर सेमिनार

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला।

डिग्री कॉलेज धर्मशाला ने हिमाचल विज्ञान, तकनीकी एवं पर्यावरण परिषद के साथ मिलकर विज्ञान, तकनीकी और पर्यावरण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील मेहता ने किया।

हिमाचल विज्ञान, तकनीकी और पर्यावरण परिषद प्रदेश भर के स्कूलों और कॉलेजों में विज्ञान, तकनीकी और पर्यावरण विषय पर संवाद कर छात्रों की विज्ञान में रुचि बढ़ा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को धर्मशाला कॉलेज में भी विद्वानों, अध्यापकों और शोधकर्ताओं ने अपने विचार साझा किए। सेमिनार में पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. आरके कोहली ने वैज्ञानिक क्यूं और कैसे बनें पर अपने विचार रखे। साथ ही छात्रों के साथ पंजाब में मोबाइल फोन की तरंगों के दुष्प्रभावों पर अपने शोध के परिणाम भी बताए। प्रो. राजीव पुरी ने भौतिक के इतिहास का वर्तमान विज्ञान में महत्व के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने की अपील की, जबकि कुणाल सत्यार्थी, आईएफएस ने भारत के संदर्भ में जुगाड़ और इनोवेशन शब्दों के अर्थ को समझाया। साथ ही हिमाचल विज्ञान, तकनीकी और पर्यावरण परिषद के उद्देश्यों और छात्रों को दिए जाने वाले अवसरों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में कॉलेज के विज्ञान विभाग के विभिन्न विषयों के लगभग 800 छात्रों ने भाग लिया। इस मौके पर प्रो. सुनील धर, प्रो. विक्रम, प्रो. संजय गुप्ता, प्रो. संजय पठानिया, प्रो. जनेश जोशी और प्रो. सविता सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहीं।



दिल्ली एनसीएसटीसी एवं प्रदेश काउंसिल फॉर साइंस टेक्नोलॉजी एवं पर्यावारण शिमला के तत्वावधान में धर्मशाला कॉलेज सभागार में विज्ञान गतिविधियों पर आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी।

अमर उजाला 09/9/17

## महिला क्रॉस कंट्री में धर्मशाला कॉलेज विजेता

धर्मशाला। डिग्री कॉलेज बंजार (कुल्लू) में हुई महिला क्रॉस कंट्री में डिग्री कॉलेज धर्मशाला की खिलाड़ी छात्राओं ने उम्दा प्रदर्शन किया है।

प्रतियोगिता में कॉलेज की खिलाड़ी छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन कर कॉलेज पहुंचीं छात्राओं और कॉलेज के डीपीई डॉ. नरेश सिंह मनकोटिया और टीम प्रभारी डॉ. हेमंत शर्मा को प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता ने बधाई दी। कॉलेज की ओर से हिना ठाकुर ने टीम का नेतृत्व किया, जबकि मनीषा ठाकुर, मनीषा वर्मा, मनीषा कुमारी, सुनीता और विशाखा टीम की सदस्य रहीं। ब्यूरो



कुल्लू के बंजार कॉलेज में आयोजित क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में विजेता रही धर्मशाला की खिलाड़ी प्राचार्य सुनील मेहता, डीपीई डॉ.नरेश मनकोटिया और कैप्टन हीना के साथ।

दिनांक 08/09/2017

दिव्य हिमाचल

divyahimachal.com

एक नजर

## पीसी डढवाल धर्मशाला कालेज एसएमसी अध्यक्ष



धर्मशाला – राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में पीटीए की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता ने की। इसमें पीसी डढवाल को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। राजन शर्मा को उपप्रधान, डा. जनेश जोशी को सचिव, सहसचिव राकेश चौहान को बनाया गया, जबकि प्रो. मदन गुलेरिया को कोषाध्यक्ष बनाया गया। किरण कांता, रेखा पठानिया, निशा, बॉबी और सुमन सिंह को कार्यकारी सदस्य चुना गया। इस अवसर पर डा. सुनील धर, प्रो. मीरा वालिया, डा. जनेश जोशी, प्रो. विक्रम वत्स, प्रो. सपना बंटा, डा. ध्यान सिंह सुपरिंटेंडेंट संजीव ठाकुर, संजीव कटोच आदि उपस्थित रहे।

218

दिव्य हिमाचल 12/9/17.

2 | दैनिक जागरण धर्मशाला, 12 सितंबर 2017



धर्मशाला महाविद्यालय में बीवॉक के विद्यार्थियों को सरकार की ओर से दी जा रही पुस्तकें प्रदान करते कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता ● जागरण

# बीवॉक प्रशिक्षुओं को बांटी पुस्तकें

**संवाद सहयोगी, धर्मशाला** : राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में बीवॉक के प्रशिक्षुओं को प्रदेश सरकार की ओर से जारी की गई पाठ्य पुस्तकें कॉलेज प्राचार्य सुनील मेहता ने बांटी।

कॉलेज प्राचार्य ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों में नया बीवॉक कोर्स शुरू किया गया है, जिसके तहत संबंधित पुस्तकें निःशुल्क दी जा रही हैं। उन्होंने धर्मशाला कॉलेज में चल रहे हॉस्पिटेलिटी एंड टूरिज्म और रिटेल मैनेजमेंट कोर्सों के लाभों से भी विद्यार्थियों को अवगत करवाया। बीवॉक के नोडल ऑफिसर डॉ. नीरज शर्मा ने बताया कि पुस्तक वितरण समारोह में रिटेल मैनेजमेंट के 39 और हॉस्पिटेलिटी एंड टूरिज्म के 38 प्रशिक्षु महाविद्यालय में प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस मौके पर स्टेट को-ऑर्डिनेटर सुनील कुमार, ट्रेनर कनिका सूद व कुनाल कश्यप भी मौजूद रहे।

# धर्मशाला कालेज में ग्लोबल वार्मिंग पर मंथन



**धर्मशाला** - राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में अखिल भारतीय साहित्य परिषद कांगड़ा इकाई के सहयोग से भारतीय दर्शन और पर्यावरण पर गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में अखिल भारतीय साहित्य परिषद कांगड़ा इकाई के प्रधान त्रिलोक मेहरा, जिला कांगड़ा के महासचिव विजय कुमार और संस्कृत भाषा के विशेषज्ञ पंडित मस्त राम ने भाग लिया। कार्यशाला में महासचिव विजय कुमार ने भारतीय दर्शनशास्त्र तथा पर्यावरण पर अपने विचार रखे। इसमें विज्ञान भूगर्भ शास्त्र विभाग से प्राध्यापक ममता गुलेरिया, अरुण और शिल्पा धीमान ने भी भाग लिया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की प्रदेशाध्यक्ष डा. रीता सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए संस्था भारतीय दर्शन पर बल दे रही है। इस मौके पर प्रिंसीपल डा. सुनील मेहता और भूगर्भशास्त्र विभाग के को-ऑर्डिनेटर प्रो. सुनील धर मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर 13/09/17

## स्वच्छता अभियान के तहत एमसीए विभाग के छात्रों ने की कॉलेज में सफाई



**धर्मशाला** | धर्मशाला कॉलेज में स्वच्छता अभियान के तहत एमसीए विभाग के छात्रों ने कॉलेज कैंपस में विभिन्न स्थानों की सफाई की। प्रिंसिपल प्रो. सुनील मैहता ने छात्रों के उत्साह वर्धन किया। उन्होंने स्वच्छता के महत्व के बारे में बताते हुए कहा स्वच्छता में ही प्रभुता है और हर एक के थोड़े-थोड़े प्रयास से हम सभी कॉलेज को स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं। इस उपलक्ष्य पर कोर्डिनेटर डॉ. प्रमोद एस पटियाल, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. पवन ठाकुर, डॉ. सतीश सूद, सचिन अवस्थी, सुशीला पठानिया व विभाग के तीनों समेस्टरों के छात्रों ने स्वच्छता अभियान में योगदान दिया।

15/9/17 दैनिक जागरण



(एक) धर्मशाला महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागी मुख्या

## धर्मशाला में राज्य स्तरीय महोत्सव 26 से

**धर्मशाला** – हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सौजन्य से आयोजित किए जाने वाले युवा महोत्सव ग्रुप टू का आयोजन राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में 26 से 29 सितंबर को किया जाएगा। प्राचार्य सुनील मेहता ने बताया कि युवा महोत्सव में राज्य के 50 से ज्यादा महाविद्यालय भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ 25 सितंबर को सुबह दस बजे कांगड़ा जिलाधीश चंद्र प्रकाश वर्मा करेंगे। कार्यक्रम का समापन शहरी विकास मंत्री सुधीर शर्मा करेंगे। ग्रुप टू के अंतर्गत कई कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसमें शुगम संगीत, क्लासिकल वोकल सोलो, सितार वादन, फोक ओरकेस्ट्रा, इंडियन ग्रुप सांग्स, वेस्ट्रन सांग्स, वेस्ट्रन व वोकल सोलो मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र रहते हैं।

# धर्मशाला कॉलेज में युवा महोत्सव 26 से

**धर्मशाला।** डिग्री कॉलेज धर्मशाला के सभागार में चार दिन तक कॉलेज स्तर के कलाकारों की महफिल जमेगी। इसमें प्रदेश भर के 70 से अधिक कॉलेजों के एक हजार कलाकार विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए धर्मशाला में 26 से 29 सितंबर तक युवा महोत्सव ग्रुप-2 का आयोजन किया जाएगा।

चार दिन तक चलने वाले युवा महोत्सव ग्रुप-2 में भारतीय शास्त्रीय गायन, सितार वादन, तबला वादन, गीत ग़ज़ल, लोक गीत, भारतीय समूहगान, पाश्चात्य समूहगान, एकल पाश्चात्य गायन और भारतीय वाद्य वृंद प्रतिस्पर्धाएं होंगी। युवा महोत्सव के समापन पर शहरी विकास मंत्री सुधीर शर्मा

### समारोह में प्रदेश भर के कॉलेजों की टीमें देंगी प्रस्तुति

बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित करेंगे। उधर, डिग्री कॉलेज धर्मशाला के प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता ने बताया कि युवा महोत्सव के लिए डिग्री कॉलेज धर्मशाला में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

युवा महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों और उनके साथ आने वाले टीम इंचार्ज के लिए रहने की व्यवस्था भी पूरी कर ली गई है। किसी भी अभ्यर्थी को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। ब्यू

दिव्य हिमाचल (21/9/17

# धर्मशाला कालेज को 11 लाख का जेनरेटर

■ नगर संवाददाता, धर्मशाला

पीजी कालेज धर्मशाला में अब बिजली आने-जाने की समस्या छात्रों को परेशान नहीं करेगी। शहर में बिजली जाने पर भी प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े महाविद्यालय धर्मशाला में परीक्षा और पढ़ाई करने वाले छात्रों को दिक्कतें नहीं झेलनी होंगी। कालेज में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान रूसा के तहत 11 लाख रुपए बजट से जेनरेटर लगा दिया गया है। इससे लाइट जाने पर भी धर्मशाला कालेज पूरी तरह से रोशन रहेगा। स्मार्ट सिटी धर्मशाला का पीजी कालेज भी अब स्मार्ट होता हुआ नजर आ रहा है। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत धर्मशाला कालेज को पूरी तरह से जेनरेटर से जोड़ दिया गया है। गौरतलब है कि धर्मशाला कालेज में स्मार्ट क्लास रूम के अलावा एमबीए, बीसीए, पीजीडीसीए व एमसीए सहित अन्य प्रोफेशनल कोर्स भी चलाए जा रहे हैं। उधर, पीजी कालेज धर्मशाला के प्रिंसीपल सुनील कुमार मेहता ने बताया कि रूसा के तहत छात्रों के लिए जेनरेटर स्थापित कर दिया गया है।

अमर उजाला (22/9/17



State Page

# ...महिला इंटर कॉलेज कबड्डी में धर्मशाला चैंपियन

## ...रोचक मुकाबले में बिलासपुर कॉलेज को 33-28 से हराया, संजौली कॉलेज में तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन

...मर उजाला ब्यूरो

...मला।

...जधानी के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस ...जौली कॉलेज में तीन दिन से चल ...ी एचपीयू की इंटर कॉलेज महिला ...बड्डी प्रतियोगिता में धर्मशाला ...ॉलेज की टीम विजेता बनी।

शनिवार को धर्मशाला कॉलेज की ...ीम ने फाइनल मुकाबले में बिलासपुर कॉलेज की टीम को 33-28 से पराजित किया और विजेता खिताब पर कब्जा जमाया। इस प्रतियोगिता में सुंदरनगर एमएलएसएम की टीम तीसरे स्थान पर रही। ऊना कॉलेज की टीम प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रही। प्रतियोगिता के समापन समारोह में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा निदेशक प्रो. सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर धर्मशाला कॉलेज की विजेता टीम और उपविजेता रही बिलासपुर कॉलेज को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। समापन समारोह में चैक गणराज्य की डा. घोष भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। कॉलेज प्राचार्या प्रो. दीक्षा मल्होत्रा ने मुख्य अतिथि और अतिथियों का स्वागत किया। सफल आयोजन के लिए विवि से आए पर्यवेक्षक गोपाल और कॉलेज शिक्षकों की पूरी टीम को बधाई दी। इससे पहले सेमीफाइनल मैच में धर्मशाला कॉलेज की टीम ने ऊना कॉलेज की टीम को मात दी, जबकि बिलासपुर कॉलेज ने सुंदरनगर एमएलएसएम कॉलेज की टीम को मात देकर फाइनल में जगह बनाई। धर्मशाला ने हमीरपुर कॉलेज की टीम को 33-28 से हराया।

### धर्मशाला कॉलेज में युवा महोत्सव 26 से

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सौजन्य से आयोजित किए जाने वाले युवा महोत्सव ग्रुप टू का आयोजन राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में 26 से 29 सितंबर तक किया जाएगा। प्राचार्य सुनील मेहता ने बताया कि महोत्सव में इस बार राज्य के 50 से ज्यादा महाविद्यालय भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ 25 सितंबर को सुबह 10 बजे डीसी कांगड़ा सीपी वर्मा करेंगे। समापन शहरी विकास मंत्री सुधीर शर्मा करेंगे। प्राचार्य ने बताया कि कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। खिलाड़ियों के ठहरने व खाने-पीने की व्यवस्था कॉलेज में की गई है।



शिमला के संजौली कॉलेज में आयोजित इंटर कॉलेज कबड्डी चैंपियनशिप ... विजेता टीम को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

अमरउजाला, 27/9/17

# पीजी सेंटर शिमला ने लूटी वाहवाही

## धर्मशाला कॉलेज में युवा महोत्सव का पहला दिन

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला।

डिग्री कॉलेज धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के युवा महोत्सव ग्रुप-टू का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता ने किया। युवा महोत्सव में प्रदेशभर के 45 कॉलेजों के लगभग 550 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

मंगलवार से शुरू युवा महोत्सव का समापन 29 सितंबर को होगा। युवा महोत्सव के पहले सत्र में भारतीय शास्त्रीय संगीत, हिंदुस्तानी और कर्नाटक शैली को लेकर लगभग 15 कॉलजों ने प्रस्तुतियां दीं। इसमें पीजी सेंटर शिमला की प्रस्तुति को खूब सराहा। वहीं जोगिंद्रनगर कॉलेज की प्रस्तुति ने भी वाहवाही लूटी। इसमें संस्कृत कॉलेज सुंदरनगर, कोटशेरा, हरिपुर मनाली, फाइन आर्ट्स कॉलेज शिमला, करसोग, आरकेएमवी शिमला, जीसी सोलन, पीजी सेंटर शिमला, हमीरपुर कॉलेज, चंबा, जोगिंद्रनगर, थुरल कॉलेज, एसडी कॉलेज भटोली और जीसी ढलियारा कॉलेज ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

दूसरे सत्र में तबला और सितार वादन प्रतियोगिता में 20 कॉलेजों ने भाग लिया। इंदौरा घराने से संबंध रखने वाले फरीदाबाद कॉलेज के संगीत विभागाध्यक्ष भूपेंद्र मल्होत्रा, जयपुर घराने से संबंध रखने वाले कन्या महाविद्यालय पटियाला के डॉ जगमोहन शर्मा और जम्मू-कश्मीर कॉलेज की डॉ. ऊषा बागती निर्णायक मंडल में शामिल रहीं। डॉ. सतीश ठाकुर, डॉ. नरेश शर्मा और प्रो. सुभ्रा गुप्ता ने मंच संचालन किया। धर्मशाला कॉलेज पीटीए प्रधान वीवी डढवाल, प्रो. चंद्ररेखा डढवाल, कार्यक्रम संयोजक डॉ. सविता सिंह, प्रो. मीरा वालिया, डॉ, संजय पठानिया, इंदु शर्मा, प्रो. अरविंद, डॉ. रंजीत ठाकुर, डॉ. धीरज रावत, प्रो संजय गुप्ता, डॉ. राकेश पठानिया, डॉ, अमर परासर, डॉ. ध्यान सिंह और डॉ. अनीश आदि मौजूद रहे।



धर्मशाला कॉलेज में मंगलवार को युवा महोत्सव 2017 का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि प्राचार्य सुनील मेहता।



युवा महोत्सव 2017 के शुभारंभ पर सरस्वती वंदना पेश करतीं छात्राएं।



### तबला और सितार वादन प्रतियोगिता में 20 कॉलेजों ने लिया भाग

220

दैनिक जागरण (27/9/17)

# शास्त्रीय संगीत में जोगेंद्रनगर कॉलेज ने लूटी वाहवाही

**संवाद सहयोगी, धर्मशाला** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में मंगलवार को इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल ग्रुप दो का शुभारंभ महाविद्यालय के सभागार में हुआ। शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता ने किया। आयोजन में प्रदेशभर के 45 कॉलेजों के 550 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। 29 सितंबर को युवा महोत्सव का समापन होगा।

मंगलवार को पहले सत्र में शास्त्रीय संगीत, हिंदुस्तानी और कर्नाटक शैली पर 15 कॉलजों के प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियां दीं। पीजी सेंटर शिमला की प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा तो जोगेंद्रनगर कॉलेज ने भी वाहवाही लूटी। मंगलवार को संस्कृत कॉलेज सुंदरनगर, कोटशेरा, हरिपुर, मनाली, फाइन आर्ट्स कॉलेज शिमला, करसोग, आरकेएमवी शिमला, जीसी सोलन, पीजी सेंटर शिमला, हमीरपुर कॉलेज, चंबा, जोगेंद्रनगर, थुरल कॉलेज, एसडी कॉलेज भटोली व जीसी ढलियारा कॉलेज ने प्रस्तुतियां दी। दूसरे सत्र में तबला और सितार वादन में 20 कॉलेजों ने भाग लिया। कार्यक्रम में इंदौरा घराने से संबंध रखने वाले फरीदाबाद कॉलेज के संगीत विभागाध्यक्ष भूपेंद्र मल्होत्रा, जयपुर घराने से संबंध रखने वाले कन्या महाविद्यालय पटियाला के डॉ. जगमोहन शर्मा और जम्मू-कश्मीर कॉलेज की डॉ. ऊषा बागती निर्णायक मंडल में शामिल रहे। कार्यक्रम की सचिव डॉ. सतीश ठाकुर, डॉ. नरेश शर्मा और प्रो. सुभ्रा गुप्ता ने मंच संचालन किया। प्रतियोगिताओं के नतीजे 29 सितंबर को घोषित किए जाएंगे। इस मौके पर धर्मशाला कॉलेज की पीटीए प्रधान वीवी डढवाल, प्रो. चंद्ररेखा डढवाल, कार्यक्रम संयोजक डॉ. सविता सिंह, प्रो. मीरा वालिया, डॉ. संजय पठानिया, इंदु शर्मा, प्रो. अरविंद, डॉ. रंजीत ठाकुर, डॉ. ध्यान चंद, डॉ. राकेश पठानिया व डॉ. अमर सहित अन्य मौजूद रहे।


धर्मशाला महाविद्यालय में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के युवा महोत्सव ग्रुप दो के शुभारंभ पर सरस्वती वंदना की प्रस्तुति देते विद्यार्थी • जागरण

**आयोजन**
- धर्मशाला कॉलेज में युवा महोत्सव का आगाज
- 45 कॉलेजों के 550 विद्यार्थी ले रहे हैं भाग
- तबला और सितार वादन में 20 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

दिव्य हिमाचल (27/9/17)

# धर्मशाला कालेज में सात सुरों का संगम

## भारतीय शास्त्रीय संगीत की धुनों में डूबीं धौलाधार की वादियां, प्रिंसीपल सुनील मेहता ने किया युवा महोत्सव का आगाज

■ स्टाफ रिपोर्टर, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला का ग्रुप-टू युवा महोत्सव संगीत गायन और वादन राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में शुरू हुआ। पहले दिन राज्य भर के कालेजों के प्रतिभागियों की भारतीय शास्त्रीय संगीत की धुनों में धौलाधार की समस्त वादियां पूरी तरह से डूब गईं। महाविद्यालयों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने निर्णायक मंडल और मौजूद लोगों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्रिंसीपल सुनील मेहता ने किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा को संस्कारों और संस्कृति का सरक्षंण करना चाहिए तथा आधुनिक युग में परंपराओं का महत्त्व नहीं भूलना चाहिए। शिमला विश्वविद्यालय के युवा महोत्सव में 45 कालेजों के लगभग 550 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। पीजी कालेज धर्मशाला में मंगलवार से 29 सितंबर तक प्रतियोगिताओं को आठ भागों में विभाजित किया गया है। मंगलवार को प्रथम सत्र में भारतीय शास्त्रीय संगीत, हिंदोस्तानी तथा कर्नाटक शैली को लेकर लगभग 15 कालेजों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दीं। इसमें पीजी सेंटर शिमला की प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं राजकीय कालेज जोगिंद्रनगर की प्रस्तुति को काफी वाहवाही मिली। इसके अलावा संस्कृत कालेज सुंदरनगर, कोटशेरा, हरिपुर, मनाली, फाइन आर्ट्स कालेज, शिमला, करसोग, आरकेएमवी कालेज शिमला, जीसी सोलन, पीजी सेंटर शिमला, हमीरपुर कालेज, चंबा, जोगिंद्रनगर, थुरल कालेज, एसडी कालेज भटोली व जीसी ढलियारा महाविद्यालयों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को आत्मविभोर किया। दूसरे सत्र में तबला और सितार वादन प्रतियोगिता में 20 कालेजों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य निर्णायक राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद के विभागाध्यक्ष प्रो. भूपिंद्र मल्होत्रा, राजकीय कन्या महाविद्यालय पटियाला एवं जयपुर घराने से संबंधित डा. जगमोहन शर्मा, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जम्मू-कश्मीर एवं लोक संगीत-सितार वादन व क्षेत्र से पहले पीएचडी करने वाले डा. उषा बागती विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में समन्वयक डा. सतीश ठाकुर ने मुख्य अतिथियों के स्वागत के साथ-साथ मंच का संचालन भी किया। दूसरे सत्र में डा. नरेश शर्मा तथा प्रो. सुभ्रा गुप्ता ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर प्रधान वीवी डढवाल, प्रो. चंद्ररेखा डढवाल, कार्यक्रम संयोजक डा. सविता सिंह, प्रो. मीरा वालिया, संजय पठानिया, बिंदु शर्मा, प्रो. अरविंद, डा. रणजीत ठाकुर, डा. धीरज रावत, प्रो. संजय गुप्ता, डा. राकेश पठानिया, डा. अमर पराशर व डा. ध्यान सिंह इत्यादि अध्यापक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।





दिव्य हिमाचल (28/9/17)

# ग्रुप सांग में छाया धर्मशाला कालेज

## युवा महोत्सव में न्यायाधीश ज्योत्सना ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

■ स्टाफ रिपोर्टर, धर्मशाला

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में चल रही अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव प्रतियोगिता में बुधवार को दूसरे दिन के कार्यक्रम में न्यायाधीश ज्योत्सना डढवाल ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को मानवीय मूल्यों में सुधार लाने की जरूरत है। वह नशे से दूर रह करें चरित्रवान बन सके। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से आए हुए उभरते हुए कलाकारों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने हजारों छात्रों को झूमने पर मजबूर कर दिया। धर्मशाला कालेज का ऑडिटोरियम पूरी तरह से स्वर लहरियों में डूबता हुआ नजर आया। प्रतियोगिता के पहले सत्र में राजकीय संस्कृत कालेज सुंदरनगर ने समूह गान प्रतियोगिता के लिए अपनी प्रस्तुति दी। समूह गान प्रतियोगिता में 26 महाविद्यालयों ने हिस्सा लिया। इसमें धर्मशाला, सरकाघाट, रामपुर, आनी, सीमा व मंडी महाविद्यालयों की प्रस्तुतियों ने काफी तालियां बटोरीं। वहीं दूसरे सत्र में लोकगीत प्रतियोगिता के लिए 39 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक प्रो. भूपिंद्र मल्होत्रा, डा. जगमोहन शर्मा, डा. उषा बागती रहे। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य सुनील कुमार मेहता, कार्यक्रम सचिव डा. सतीश ठाकुर, सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक डा. सविता सिंह, प्रो. मंजु लता, डा. विक्रम वत्स, डा. बलराज, अरविंद, प्रो. सपना बंटा, पालमपुर के प्रो. विवेक चौधरी, डा. नरेश शर्मा, प्रो. ओपी कपूर, लेफ्टिनेंट डा. मोनिका शर्मा, एसएमसी अध्यक्ष प्रधान पीसी डढवाल, प्रो. चंद्र रेखा डढवाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



दिव्य हिमाचल (28/9/17)

# एनसीसी कैडेट्स ने बढ़ाई कार्यक्रम की शान



**धर्मशाला** - पीजी कालेज धर्मशाला के एनसीसी कैडेट इंटर कालेज ग्रुप-दो प्रतियोगिता की शान पूरी तरह से बढ़ा रहे हैं। धर्मशाला कालेज के ऑडिटोरियम में एनसीसी गर्ल्ज कैडेट्स ने बुधवार को न्यायाधीश ज्योत्सना डढवाल का परेड की सलामी के साथ गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान धर्मशाला कालेज की लेफ्टिनेंट डा. मोनिका शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहीं। डा. मोनिका की अध्यक्षता में मुख्यातिथि ज्योत्सना डढवाल को सलामी देकर मंच तक पहुंचाया गया। इसके साथ ही प्रदेश भर से आए हुए प्रतिभागियों के लिए एनसीसी कैडेट्स बेहतरीन मेजबान की भूमिका निभाती हुई नजर आ रही हैं।

दैनिक जागरण - 28/9/17

(१२१)

# समूहगान में मंडी और सीमा कॉलेज ने बटोरी वाहवाही

## लोक संगीत प्रतियोगिता में 39 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने दी प्रस्तुतियां

**संवाद सहयोगी, धर्मशाला** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित किए जा रहे युवा महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को समूहगान प्रतियोगिता में मंडी और सीमा कॉलेज रोहड़ू के प्रतिभागियों ने खूब वाहवाही बटोरी। आयोजन में प्रदेशभर से 45 कॉलेजों के 550 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

बुधवार को कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायाधीश ज्योत्सना सुमंत ढडवाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों से आए प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा, युवा पीढ़ी को मानवीय मूल्यों में सुधार लाने की जरूरत है। युवा नशे से दूर रहकर चरित्रवान बनें। समूहगान में 26 कॉलेजों के प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान धर्मशाला, सरकाघाट, रामपुर, आनी, सीमा व मंडी महाविद्यालयों की प्रस्तुतियों ने सराहना पाई। दूसरे सत्र में लोक संगीत प्रतियोगिता में 39 कॉलेजों के प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर प्रो. भूपिंद्र मल्होत्रा, डॉ. जगमोहन शर्मा व डॉ. ऊषा बागती ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता, कार्यक्रम सचिव डॉ. सतीश ठाकुर, सांस्कृतिक कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सविता सिंह, प्रो. मंजूलता, डॉ. विक्रम वत्स, डॉ. बलराज, अरविंद, प्रो. सपना बंटा, पालमपुर से प्रो. विवेक चौधरी, डॉ. नरेश शर्मा, प्रो. ओपी कपूर व डॉ. मोनिका शर्मा सहित अन्य इस मौके पर मौजूद रहे।



धर्मशाला महाविद्यालय में युवा महोत्सव के दूसरे दिन समूहगीत की प्रस्तुति देते स्थानीय कॉलेज के विद्यार्थी • जागरण

अमर उजाला (28/9/17)

# लोकगायन में युवाओं ने दिखाया दम

## धर्मशाला कॉलेज में युवा महोत्सव का दूसरा दिन, समूहगान में 26 कॉलेजों ने दी प्रस्तुति

**अमर उजाला ब्यूरो**

धर्मशाला।

स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला कॉलेज के कलाकारों ने समूहगान से देशभक्ति का जज्बा भरा। मौका था धर्मशाला कॉलेज में चल रहे चार दिवसीय युवा महोत्सव ग्रुप-टू के दूसरे दिन बुधवार को देशभक्ति पर आधारित समूहगान और लोक गायन प्रतिस्पर्धा का। इस दौरान न्यायाधीश ज्योत्सना डढवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को मानवीय मूल्यों में सुधार लाने की जरूरत है। वे नशे से दूर रहकर चरित्रवान बनें।

दूसरे दिन के पहले सत्र में राजकीय संस्कृत कॉलेज सुंदरनगर ने समूहगान की प्रस्तुति दी। समूहगान प्रतिस्पर्धा में मेजबान कॉलेज धर्मशाला, सरकाघाट, रामपुर, आनी, सीमा, मंडी सहित कुल 26 कॉलेजों में अपनी प्रस्तुति दी। वहीं दूसरे सत्र में लोकगीत प्रतियोगिता में 39 कॉलेजों के प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मनोरंजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य निर्णायक प्रो. भूपिंद्र मल्होत्रा, डॉ. जगमोहन शर्मा और डॉ. उषा बागती रहे। प्राचार्य सुनील कुमार मेहता, पीटीए प्रधान पीसी डढवाल आदि मौजूद रहे। इससे पहले एनसीसी महिला विंग की प्रभारी डॉ. मोनिका के नेतृत्व में कैडेट्स ने मुख्य अतिथि को सलामी दी।



धर्मशाला कॉलेज में चल रहे विश्वविद्यालय स्तरीय युवा महोत्सव 2017 में बुधवार को समूह गायन प्रस्तुत करते जिला मंडी के विद्यार्थी।

### पांवटा साहिब कॉलेज की टीम विजेता घोषित

**अंब (ऊना)।** पांवटा साहिब कॉलेज हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता के पूल डी के मैच का विजेता घोषित किया गया। अंब स्कूल खेल मैदान में बुधवार को बीबीए कॉलेज चकमोह और पांवटा साहिब कॉलेज के बीच मैच हुआ। लेकिन चकमोह कॉलेज की टीम के न पहुंचने के कारण पांवटा कॉलेज को विजयी घोषित कर दिया गया। अंब कॉलेज के डा. सुनील दत्त शर्मा ने बताया कि स्थानीय स्कूल खेल मैदान में आयोजित पूल डी के मुकाबलों का बुधवार को मुख्य अतिथि अंब कॉलेज के प्राचार्य अलका शर्मा ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रो. सतदेव, प्रो. गुरमीत के अलावा प्रो. सोफिया मौजूद थे।

२२२

अमर उजाला (29/9/17)

# युवा महोत्सव में गीत और गजलों से खूब बांधा समां

**अमर उजाला ब्यूरो**

**धर्मशाला।**

प्रदेश विश्वविद्यालय के युवा महोत्सव ग्रुप-टू में युवाओं ने प्रस्तुतियों से खूब रंग जमाया। धर्मशाला कॉलेज में महोत्सव के तीसरे दिन प्रथम सत्र में प्रदेश के 35 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने गीतों और गजलों से प्रतिभा दिखाई। दूसरे सत्र में समूह और एकल गायन में 34 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

मेजबान कॉलेज की अनुराधा की गजल आंखों-आंखों में को सराहना मिली। वीरवार को ठियोग, करसोग, बासा, बैजनाथ सहित मंडी कॉलेज के प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियां दीं। इसके अलावा हवा से फूलों से चेहरे उतर गए, जाना था रास्ते में छोड़कर

## धर्मशाला कॉलेज में युवा महोत्सव ग्रुप-टू में दीं सराहनीय प्रस्तुतियां

मुझे, तेरी वेबफाई का शुक्रिया.. मुझे जीना सिखा गया, तुम मेरे दिल मेरी चाहत पर भरोसा कर लो, मेरे हमनवाज मुझे धोखा न देना और क्यों मोहब्बत को आजमाते हो तुम





मेरी जान... गजलों पर खूब तालियां बजीं। युवा महोत्सव में मुख्य अतिथि पहुंचे एसपी कांगड़ा ने ...जिंदगी में तो सभी प्यार किया करते हैं, मैं तो मरकर भी मेरी जान तुझे चाहूंगा गजल पेश की। इसके बाद उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में संगीत का महत्व बताया। एसपी कांगड़ा ने गीत और गजल को जिंदगी के साथ जोड़कर परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि संयम रखने का उन्नत तरीका गजल है। जिंदगी भी एक गजल है, जो हृदय जितना उन्नत है। वह उतना ही गजल का आनंद लेता है।

दिव्य हिमाचल (29/9/17)

# 'आंखों-आंखों...' में डूब गया धर्मशाला



■ स्टाफ रिपोर्टर, धर्मशाला

■ **युवा महोत्सव के तीसरे दिन मुख्यातिथि एसपी ने मंच पर प्रस्तुति से बांधा समां**

पीजी कालेज धर्मशाला के ऑडिटोरियम हाल में युवा महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को प्रदेश भर से आए युवा कलाकारों ने गीत, गजल व वेस्टर्न सांग सहित कई अन्य विधाओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। सुबह के सत्र में पुलिस अधीक्षक कांगड़ा डा. रमेश छाजटा ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज उन्हें हर क्षेत्र में सक्रिय होने की जरूरत हैं। शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ उन्हें सक्रिय रूप में सामाजिक गतिविधियों में भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए। गीत-गजल प्रतियोगिता में 35 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मेजबान पीजी कालेज धर्मशाला की छात्रा अनुराधा ने 'आंखों-आंखों' में गजल गाकर सबको तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा की छात्रा ने अपनी प्रस्तुति से सबको आत्मविभोर कर दिया। इसके बाद हमीरपुर के छात्र ने अपने भजन से फिजा को धार्मिक बना दिया। दूसरे सत्र में पाश्चात्य समूह गान तथा एकल गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 34 कालेजों के छात्रों ने हिस्सा लिया। प्रतियोतगिता में प्रतिभागी छात्रों की एक से बढ़कर प्रस्तुति ने मौजूद दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इस दौरान मुख्यातिथि एसपी डा. रमेश छाजटा ने भी गजल गाकर प्रतिभागियों और छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य निर्णायक प्रो. भूपिंद्र मल्होत्रा, डा. जगमोहन शर्मा व डा. उषा बागती रहे। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य सुनील कुमार मेहता, कार्यक्रम सचिव डा. सतीश ठाकुर, डा. प्रमोद पटियाल, डा. जनेश जोशी, डा. नरेश मनकोटिया, प्रो. जतिंद्र, प्रो. शर्मिला टैगोर, डा. परवेश गिल, प्रो. पूजा दीवान, डा. मोनिका मक्कड़, प्रो. विश्व ज्योति, डा. मोनिका शर्मा, कालेज स्टाफ और छात्र-छात्राएं प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## ग्रुप -दो के आज घोषित होंगे परिणाम

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के युवा महोत्सव ग्रुप-दो के परिणाम शुक्रवार को घोषित किए जाएंगे। इस दौरान विजेता रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

दैनिक जागरण (29/9/17)

www.jagran.com

# धर्मशाला की दीक्षा ठाकुर ऑल इंडिया में बेस्ट कैडेट

**संवाद सहयोगी, धर्मशाला** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) विंग की दीक्षा ठाकुर ने ऑल इंडिया में बेस्ट कैडेट का खिताब हासिल किया है। दीक्षा ठाकुर को यह खिताब आर्मी एयरवोर्न ट्रेनिंग स्कूल आगरा में प्रशिक्षण के दौरान मिला है। इसके साथ ही दीक्षा इस स्तर पर बेस्ट कैडेट का खिताब हासिल करने वाली प्रदेश की पहली गर्ल कैडेट भी बन गई हैं।

हाल ही में आर्मी एयरवोर्न ट्रेनिंग स्कूल आगरा में देश की 20 एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स ने प्रशिक्षण लिया। इस दौरान विभिन्न टॉस्क दिए गए और प्रशिक्षण 22 दिनों तक प्रशिक्षण हुआ। इसमें एशिया के नंबर वन पैरा ट्रेनिंग स्कूल (पीटीएस) में हवाई जहाज से 1500 मीटर से भी अधिक ऊंचाई से पैराग्लाइडिंग के माध्यम से जंप करवाया गया। इसमें हिमाचल की बेटी दीक्षा ठाकुर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसके अलावा दीक्षा ठाकुर ने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं और टॉस्क में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन के आधार पर पीजी कॉलेज धर्मशाला की एनसीसी कैडेट्स दीक्षा ठाकुर को बेस्ट कैडेट के खिताब से नवाजा गया है। धर्मशाला के चमन लाल और सुलक्षणा देवी की बेटी दीक्षा ठाकुर ने प्रदेश, धर्मशाला और माता-पिता का नाम देश भर में रोशन किया है।



पैरा बेसिक कोर्स में भाग लेने वाली धर्मशाला कॉलेज की एनसीसी कैडेट दीक्षा ठाकुर प्राचार्य व एनसीसी प्रभारी के साथ • जागरण

**जानकारी**

- **एयरवोर्न ट्रेनिंग स्कूल आगरा में प्रशिक्षण के दौरान मिला खिताब**
- **खिताब पाने वाली हिमाचल की पहली गर्ल एनसीसी कैडेट बनी**

दीक्षा यह प्रशिक्षण हासिल करने वाली धर्मशाला कॉलेज की पहली गर्ल कैडेट है। इंस्ट्रक्टर राजेश डोरा के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में छह पीरियड की स्पेशल कक्षाएं भी करवाई गईं। इसमें विभिन्न प्रकार की ट्रेनिंग और देश सेवा के लिए जोश भरा गया। कॉलेज पहुंचने पर दीक्षा ठाकुर को प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता व और एनसीसी गर्ल्स प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. मोनिका शर्मा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

दैनिक जागरण (29/9/17)



**युवा महोत्सव...**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित किए जा रहे युवा महोत्सव के दौरान वीरवार को प्रस्तुति देते धर्मशाला कॉलेज के प्रतिभागी। आयोजन में प्रदेशभर से करीब 44 महाविद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं • जागरण

दैनिक जागरण (29/9/17)

# गजल गायन में धर्मशाला, भटोली ने लू

**युवा महोत्सव :** धर्मशाला कॉलेज की छात्रा अनुराधा की गजल 'आंखों-आंखों में बात होने दो' पर

**संवाद सहयोगी, धर्मशाला :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित किए जा रहे इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल ग्रुप दो के तीसरे दिन सुगम संगीत एवं गीत गजल गायन में धर्मशाला और भटोली कॉलेज के प्रतिभागियों ने खूब वाहवाही लूटी। धर्मशाला कॉलेज की प्रतिभागी अनुराधा की गजल 'आंखों-

आंखों में बात होने दो, यूं ही सुबह से शाम होने दो' पर पूरा सभागार झूम उठा। इस दौरान निर्णायक मंडल ने भी अनुराधा का अभिनंदन किया। दूसरी ओर भटोली कॉलेज की अनीता की राग तिलकामोध में पेश की गई गजल 'आज से कुछ ऐसे दिल पर' को भी खूब सराहा गया।

सुगम संगीत के सत्र का शुभारंभ जिला पुलिस अधीक्षक कांगड़ा डॉ. रमेश छाजटा ने किया। इस दौरान उन्होंने गजल पेश की और कॉलेज संगीत प्राध्यापक डॉ. सतीश ठाकुर ने हारमोनियम पर संगत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को हर क्षेत्र में सक्रिय होने की जरूरत. है। शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी भूमिका निभानी चाहिए। सुगम संगीत में 35 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। गीत गजल के बाद दक्षिणी संगीत समूहगान शुरू हुआ और इसमें 11 कॉलेजों ने प्रस्तुतियां दी। शुक्रवार को चार दिवसीय युवा महोत्सव का समापन होगा। समापन से पूर्व फोक आर्केस्ट्रा की प्रस्तुतियां होंगी। वीरवार को प्रो. भूपिंद्र मल्होत्रा, डॉ. जगमोहन शर्मा व डॉ. ऊषा बागडी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार मेहता, कार्यक्रम सचिव डॉ. सतीश ठाकुर, डॉ. प्रमोद पटियाल, डॉ. जनेश जोशी, डॉ. नरेश मनकोटिया, प्रो. जतिंद्र, डॉ. नरेश शर्मा, प्रो. शर्मिला टैगोर, डॉ. परवेश गिल, प्रो. पूजा दीवान, डॉ. मोनिका मक्कड़ व प्रो. विश्व ज्योति आदि मौजूद रहे।

**इन्होंने दी प्रस्तुतियां :** राजकीय महाविद्यालय करसोग की हिमानी, ऊना के रोहित, आनी के दीपक शर्मा, आरकेएमबी शिमला की मोनिका, भटोली की अनीता, पालमपुर के अक्षय, जोगेंद्रनगर की निशा, धर्मशाला की अनुराधा, नगरोटा बगवां के विशाल, हमीरपुर के राहुल शर्मा, पनारसा (कुल्लू) के हेमनाथ शर्मा, सीमा (रोहड़ू) दिव्या, ढलियारा की पारूल, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस संजौली की श्रृष्टि, पीजी सेंटर शिमला की भावना व नादौन के अभिषेक ने प्रस्तुतियां दीं।



राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में युवा महोत्सव ग्रुप दो में गजल की प्रस्तुति पर तालियां बजाते विद्यार्थी व अन्य • जागरण



गजल गाती जोगेंद्रनगर कॉ



युवा महोत्सव ग्रुप दो में गजल

# युवा गायकों ने भरा ग

**मुनीष गारिया • धर्मशाला**

'मेरे आंसुओं पे नजर न कर, मेरा शिकवा सुन के खफा न हो, उसे जिंदगी का भी हक नहीं, जिसे दर्द ए इश्क मिला न हो' यह लफ्ज मशहूर शायर कैफ अकरामी के हैं, लेकिन राजकीय महाविद्यालय करसोग की छात्रा हिमानी ने इन शब्दों पर धुन और लय डालकर हारमोनियम पर डॉ. प्रेमपाल और तबले पर बालक राम के साथ संगत करते हुए ऐसे पेश किया कि गजल ही हिमानी के नाम हो गई। मौका था राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित युवा महोत्सव का। युवा महोत्सव के सुगम संगीत एवं गजल गायन में प्रदेशभर से 34 कॉलेजों के विद्या सुगम संगीत में भाग लेने ने स्वयं धुनें बना कर ग

**ये हैं नियम :** युवा महोत्सव के दौरान गजल गायन में भाग लेने वाला प्रतिभागी किसी भी सूरत में ऐसी गजल पेश नहीं कर सकता, जो कि पहले से ही किसी ने रिकॉर्ड करवाई हो। उन्हें स्वयं बनाई गई धुन वाली गजलें पेश करनी होती हैं। ऐसा न करने वाले प्रतिभागी को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाता है।

यूनिवर्सि अनुसार प्राध्यापकों की दे स्तर पर गजल क होती है।

-डॉ. सतीश ठा

२२५

# इंटर कॉलेज कबड्डी का खिताब धर्मशाला के नाम

शिमला। इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में धर्मशाला ने बिलासपुर को 33-28 से पराजित किया। प्रतियोगिता में सुंदरनगर की टीम तीसरे स्थान पर रही। कॉलेज प्रधानाचार्य दीक्षा मल्होत्रा ने शारीरिक शिक्षा के निदेशक आचार्य सुरेंद्र शर्मा का बतौर मुख्य अतिथि और चैक गणराज्य की प्रो. मिलाडा का अतिविशिष्ट अतिथि के तौर पर पुष्प, टोपी और शॉल भेंट कर स्वागत किया।

संजौली कॉलेज में इंटर कॉलेज कबड्डी चैंपियनशिप के तीसरे दिन पहला सेमीफाइनल मैच धर्मशाला और ऊना कॉलेज के बीच हुआ। एकतरफा मुकाबले में धर्मशाला ने ऊना को 54-10 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में बिलासपुर ने एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर को 41-28 से हराया। प्रधानाचार्य दीक्षा मल्होत्रा ने बताया कि इंटर कॉलेज कबड्डी का फाइनल मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। ब्यूरो

अमरउजाला
30/9/17

# लोकगायन में भटोली गजल में शिमला प्रथम

## धर्मशाला में यूथ फेस्टिवल ग्रुप-टू का समापन

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला।



डिग्री कॉलेज धर्मशाला में यूथ फेस्टिवल ग्रुप-टू का शनिवार को समापन हो गया। इसमें ताल एवं लय में पीजी सेंटर शिमला प्रथम ने बाजी मारी है, जबकि मंडी और ऑफ फाइन आर्ट में शिमला दूसरे, सोलन और संगडाह कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा।

कार्यक्रम में डिग्री कॉलेज धर्मशाला के प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि शारीरिक शिक्षा विभाग के निदेशक सुरेंद्र कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। चार दिन तक चली इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गईं। लोक गायन में एसवीएसडी भटोली प्रथम, जीसी संजोली (सेंटर ऑफ एक्सीलेंसी), पीजी सेंटर शिमला और जेएलएनसीएफए शिमला दूसरे, जीसी हरिपुर (मनाली), जीसी ऊना और जीसी धर्मशाला तीसरे स्थान पर रहा। गीत गजल में जेएलएनसीएफए शिमला पहले, पीजी सेंटर शिमला, जीसी ऊना और नगरोटा बगवां दूसरे, जीसी सोलन, एसवीएसडी भटोली, जीसी संगड़ाह तीसरे, भारतीय समूह गान में पीजी सेंटर शिमला पहले, जीसी अर्की और जीसी ऊना दूसरे, जीसी धर्मशाला और आरकेएमवी शिमला तीसरे, तबला वादन में एसवीएसडी भटोली पहले, जीसी कोटशेरा दूसरे, जीसी नादौन और एमएलएसएम तीसरे, शास्त्रीय संगीत में फाइन आर्ट्स शिमला पहले, जीसीआरकेएमवी शिमला, जीसी कोटसेरा दूसरे, पीजी सेंटर शिमला और जीसी सोलन तीसरे, पाश्चात्य एकल गायन में जेएलएनसीएफए शिमला पहले, पीजी सेंटर शिमला, जीसी धर्मशाला, आरकेएमवी शिमला दूसरे, जीसी कोटसेरा, जीसी हमीरपुर और एसवीएसडी भटोली तीसरे, पाश्चात्य समूह गान में आरकेएमवी शिमला पहले, पीजी सेंटर शिमला और धर्मशाला कॉलेज दूसरे, जीसी अर्की तीसरे, फ्रोक ऑर्केस्ट्रा में आनी कॉलेज पहले, धर्मशाला कॉलेज और पीजी सेंटर शिमला दूसरे और मनाली कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा।

### समूहगान में आरकेएमवी ने झटका पहला स्थान

अमरउजाला
30/09/17

२२५





धर्मशाला : वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में विजेता आनी कालेज के प्रतिभागी मुख्यातिथि के साथ। (सुनील)

पंजाब केसरी
30/9/17

# शास्त्रीय संगीत में फाइन आर्ट्स शिमला प्रथम

धर्मशाला, 29 सितम्बर (नरेश): राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित 4 दिवसीय यूथ फैस्टीवल का शुक्रवार को समापन हुआ। यूथ फैस्टीवल ग्रुप-टू में गीत-गजल में जे.एल.एन.सी.एफ.ए. शिमला ने पहला, पी.जी. सैंटर शिमला, राजकीय महाविद्यालय ऊना और नगरोटा बगवां ने दूसरा, जी.सी. सोलन, एस.वी.एस.डी. भटोली, जी.सी. संगड़ाह ने तीसरा, भारतीय समूहगान में पी.जी. सैंटर शिमला ने पहला, राजकीय महाविद्यालय अर्की और राजकीय महाविद्यालय ऊना ने दूसरा, धर्मशाला कालेज व आर.के.एम.वी. शिमला ने तीसरा स्थान हासिल किया है। कार्यक्रम में डिग्री कालेज धर्मशाला के प्राचार्य प्रो. सुनील के. मेहता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, वहीं शारीरिक शिक्षा विभाग के निदेशक सुरेंद्र कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त तबला वादन में एस.वी.एस.डी. भटोली पहले, कोटशेरा कालेज दूसरे, नादौन कालेज और एम.एल.एस.एम. तीसरे, शास्त्रीय संगीत में फाइन आर्ट्स शिमला पहले, जी.सी.आर.के.एम.वी. शिमला, जी.सी. कोटशेरा दूसरे, पी.जी. सैंटर शिमला और सोलन कालेज तीसरे स्थान पर काबिज हुआ है। वहीं वैस्टर्न एकल गायन में जे.एल.एन.सी.एफ.ए. शिमला पहले, पी.जी. सेंटर शिमला, धर्मशाला कालेज व आर.के.एम.वी. शिमला दूसरे स्थान पर रहे तथा कोटशेरा महाविद्यालय, हमीरपुर कालेज और एस.वी.एस.डी. भटोली कालेज ने तीसरा स्थान हासिल किया है। वैस्टर्न ग्रुप सांग में आर.के.एम.वी. शिमला पहले, पी.जी. सैंटर शिमला और धर्मशाला कालेज दूसरे, राजकीय महाविद्यालय अर्की तीसरे, फोक ऑर्केस्ट्रा में आनी कालेज पहले, धर्मशाला कालेज और पी.जी. सैंटर शिमला दूसरे और मनाली कालेज तीसरे स्थान पर रहा। लोक गायन में एस.वी.एस.डी. भटोली प्रथम, जी.सी. संजोली, पी.जी. सैंटर शिमला और जे.एल.एन.सी.एफ.ए. शिमला दूसरे, जी.सी. हरिपुर (मनाली), जी.सी. ऊना और जी.सी. धर्मशाला तीसरे स्थान पर रहा। ताल एवं लय में पी.जी. सैंटर शिमला प्रथम स्थान पर रहा है जबकि मंडी और ऑफ फाइन आर्ट शिमला दूसरे, सोलन और संगड़ाह कालेज तीसरे स्थान पर रहा।

# पारस व मनीषा दौड़े सबसे तेज

## धर्मशाला कॉलेज में हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता, प्राचार्य ने सम्मानित किए विजेता खिलाड़ी

संवाद सहयोगी, धर्मशाला : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें सौ मीटर दौड़ में छात्र वर्ग में पारस प्रथम, यशविंदर सिंह द्वितीय व अजय तृतीय स्थान पर रहे, जबकि छात्रा वर्ग में मनीषा ठाकुर, ज्योति और सुनीता ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान अर्जित किया। 200 मीटर दौड़ में पारस, रोहित और अभिषेक ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा, जबकि छात्रा वर्ग में मनीषा ठाकुर, मनीषा वर्मा और ईशू ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। ऊंचीकूद में यशविंदर, अजय और शुभम जबकि छात्रा वर्ग में ज्योति, मनीषा ठाकुर व कुमारी गोपी ने प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान हासिल किया। शॉटपुट में विशाल ठाकुर, विवेक राणा और सुदर्शन सिंह, जबकि छात्रा वर्ग में ज्योति और आयुषी ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर छात्रा वर्ग की दौड़ में सुनीता, मनीषा ठाकुर और पुरुषों में अजय कुमार, शुभम कुमार और ज्योति प्रकाश प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। लांग जंप में सुनीता, जॉली और मनीषा ठाकुर विजेता बनी। 400 मीटर दौड़ में अजय कुमार, राहुल कपूर और अक्षय कुमार विजयी रहे। वहीं मनीषा वर्मा, सुनीता और मनीषा ठाकुर ने भी बाजी मारी। कॉलेज प्राचार्य सुनील मेहता ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. नरेश मनकोटिया, उपप्राचार्य मीरा वालिया, डॉ. सविता सिंह, डॉ. राकेश पठानिया, डॉ. रंजीत ठाकुर, डॉ. संजय पठानिया, डॉ. जनेश जोशी, डॉ. गिल, डॉ. नरेश शर्मा, डॉ. नीरज शर्मा, डॉ. ध्यान सिंह आदि मौजूद रहे।



धर्मशाला कॉलेज की वार्षिक एथलीट मीट मे विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करने के बाद कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता व अन्य ● जागरण

दैनिक जागरण
5/10/17

226

# कांगड़ा केसरी

# 100 मीटर दौड़ में मनीषा प्रथम

**धर्मशाला कालेज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन**

पंजाब केसरी (05/10/17)

धर्मशाला, 4 अक्तूबर (नवीन): राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में शैक्षणिक सत्र 2017-18 के एकदिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 से ज्यादा प्रतिभागियों ने 16 से ज्यादा खेलों में अपना जौहर दिखाया। कॉलेज के प्राचार्य सुनील कुमार मेहता ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों को अच्छा खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में बी.ए. प्रथम सत्र का पारस प्रथम, यसविन्दर सिंह बी.ए. तृतीय सत्र का द्वितीय और अजय तृतीय रहा। महिला वर्ग में मनीषा ठाकुर प्रथम, ज्योति द्वितीय और सुनीता तृतीय स्थान पर रही। पुरुष वर्ग की 200 मीटर दौड़ में पारस प्रथम, रोहित द्वितीय और अभिषेक तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में मनीषा ठाकुर प्रथम, मनीषा वर्मा द्वितीय व इशु तृतीय रही। ऊंची कूद प्रतियोगिता में यशविंदर, अजय और शुभम ने बाजी मारी। महिला श्रेणी में ज्योति, मनीषा ठाकुर और गोपी जीती। शॉटपुट में विशाल प्रथम, विवेक द्वितीय व सुदर्शन सिंह तृतीय स्थान पर रहे। महिला शॉट पुट में ज्योति और आयुषि विजेता रही। 800 मीटर महिला दौड़ में सुनीता, मनीषा ठाकुर और पुरुषों में अजय कुमार, शुभम कुमार और ज्योति प्रकाश प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय रहे। महिला लांग जंप में सुनीता प्रथम, जॉली द्वितीय और मनीषा ठाकुर तृतीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में अजय कुमार, राहुल कपूर और अक्षय कुमार जीते। महिला वर्ग में मनीषा वर्मा, सुनीता और मनीषा ठाकुर ने बाजी मारी। कॉलेज के प्राचार्य सुनील मेहता ने विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरित किए। इस दौरान संयोजक डा. नरेश मनकोटिया, उप प्राचार्य मीरा वालिया, डा. सविता सिंह, डा. राकेश पठानिया, डा. रंजीत ठाकुर, डा. संजय पठानिया व डा. ध्यान सिंह सहित अन्य प्रो. मौजूद रहे।



*धर्मशाला : धर्मशाला कालेज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़ लगाते प्रतिभागी। (सुनील)*



*धर्मशाला : प्रोफैसर रस्साकशी प्रतियोगिता में भाग लेते हुए। (सुनील)*

अमर उजाला 11/10/2017

## नवधा ने धर्मशाला कॉलेज एससीए अध्यक्ष की शपथ ली

धर्मशाला। डिग्री कॉलेज धर्मशाला में केंद्रीय छात्र संघ की नई मनोनीत कार्यकारिणी के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता ने मेरिट के आधार पर 2017-18 के लिए चुने सभी सीएससीए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

इसमें बीएससी पांचवें सत्र की नवधा शर्मा को अध्यक्ष, बीए तृतीय सेमेस्टर की अदिति माल्ही को उपाध्यक्ष, बीएससी प्रथम सेमेस्टर की शिवांगी कालिया को महासचिव और महासचिव के तौर पर बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के मोहित सिंह का नाम शामिल हैं। इसके अलावा तेरा सिंह, तमन्ना कौशल, रिया अग्रवाल, शिल्पा, नीरज राणा, रुचिका, शिल्पा कुमारी, जर्म सिंह आदि कार्यकारिणी के सदस्य चुने गए। ब्यूरो

दिव्य हिमाचल (12/10/2017)




धर्मशाला : पीजी कालेज में सीएससीए के शपथ ग्रहण समारोह में छात्र-छात्राएं मुख्यातिथि के साथ सामूहिक चित्र में

दिव्य हिमाचल (12/10/17)

# 'मिस हिमालयन' प्रेक्षा को सम्मान

## समारोह के दौरान प्रिंसीपल व प्राध्यापकों ने मिठाई खिलाकर किया पुरस्कृत

■ नगर संवाददाता, धर्मशाला

'मिस हिमालयन-2017' प्रतियोगिता का ताज अपने नाम करने वाली पीजी कालेज धर्मशाला की प्रेक्षा राणा मॉडलिंग के साथ-साथ पढ़ाई में भी टॉपर हैं। धर्मशाला कालेज में अपनी क्लास में टॉप में रहने वाली प्रेक्षा राणा ने 'मिस हिमालयन' का ताज जीतकर कालेज का नाम देश भर में रोशन किया है।

धर्मशाला में प्रेक्षा बीए प्रथम इंग्लिश विषय में अध्ययन कर रही हैं। कांगड़ा के गगल के साथ लगते कुठमां गांव की रहने वाली प्रेक्षा ने हिमालयन रीजन के देशों की प्रतियोगिता को अपने नाम करके अपना व माता-पिता का नाम रोशन किया है। पीजी कालेज धर्मशाला के प्रिंसीपल सुनील मेहता, इंग्लिश प्राध्यापक नरेश शर्मा सहित अन्य प्राध्यापकों ने सादे समारोह में मिठाई खिलाकर उसे सम्मानित किया। इसके साथ ही बालिका दिवस पर बेटी की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कालेज के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार के लिए भी नाम को प्रस्तावित कर दिया है। प्रेक्षा राणा अपनी माता और बहन के साथ कुठमां गांव में रहती है, उसके पिता का देहांत होने के बाद माता ही पालन-पोषण कर रही हैं। प्रेक्षा मॉडलिंग के क्षेत्र में टॉप पर पहुंचकर अपनी माता और अपने गांव के विकास के लिए कार्य करना चाहती है।



दिव्य हिमाचल 13/10/2017

# धर्मशाला कालेज बी-वॉक का औचक निरीक्षण



धर्मशाला-पीजी कालेज धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश कौशल विकास कारपोरेशन एचपीकेवीएन की जनरल मैनेजर डा. अनुरिता सक्सेना ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धर्मशाला कालेज में चल रहे बी-वॉक कोर्स के विषय में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। साथ ही छात्रों को आ रही समस्याओं को लेकर भी बातचीत की। पीजी कालेज प्रिंसीपल सुनील मेहता ने जनरल मैनेजर का स्वागत किया। डा. अनुरिता सक्सेना ने छात्रों को वी-बॉक के कोर्स के महत्त्व के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उन्होंने छात्रों को एक सौ प्रतिशत जॉब गारंटी की बात भी कही। इस दौरान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नीरज कुमार शर्मा ने वी-वॉक कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि छात्रों को गेस्ट लेक्चर, ऑन जॉब ट्रेनिंग, फिल्ड विजिट सहित अन्य कार्यकलाप आयोजित करवाए जा रहे हैं। इस मौके पर एजुब्रिज के स्टेट को-ऑर्डिनेटर सुनील कुमार, डा. सतीश ठाकुर, ट्रेनर कनिका सूद, कुनाल कश्यप, प्रयोगशाला सहायक संजीव कुमार, हितेश शर्मा, सुशांक गुप्ता और संजीव कटोच सहित सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

पंजाब केसरी 13/10/2017

# एन.सी.सी. गर्ल्ज कैडेट्स की वेकैंसी में होगी बढ़ौतरी

धर्मशाला, 12 अक्तूबर (नवीन): धर्मशाला कॉलेज में एन.सी.सी. गर्ल्ज कैडेट्स की वेकैंसी में बढ़ौतरी होगी, जिसका आश्वासन वन एच.पी. गर्ल्ज बटालियन सोलन के सी.ओ. कमांडिंग आफिसर कर्नल ए.एस. ने दिया है। धर्मशाला कालेज की एन.सी.सी. गर्ल्ज कैडेट्स वन एच.पी. गर्ल्ज बटालियन सोलन के अधीन आती है। वीरवार को उन्होंने धर्मशाला कालेज की एन.सी.सी. कैडेट्स का औचक निरीक्षण किया तथा यहां पर व्यवस्था देखकर उन्होंने ऐसी बात कही। इससे पहले उन्होंने लड़कियों से बातचीत भी की। इस दौरान प्राचार्य सुनील मेहता व लै. डा. मोनिका भी मौजूद रही, वहीं मेजर सुवोथ भी उनके साथ आए थे। डा. मोनिका ने बताया कि धर्मशाला कालेज की अभिलाषा भरमौरी श्रीलंका में एक कार्यक्रम में डायरैक्टरेट का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह कार्यक्रम 25 अक्तूबर से शुरू होगा जोकि नवम्बर महीने तक चलेगा। उन्होंने बताया कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल व चंडीगढ़ का एक डायरैक्टरेट है, जिसमें धर्मशाला कालेज की छात्रा का प्रतिनिधित्व करना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला कालेज की दीक्षा ठाकुर ने बैस्ट कैडेट का खिताब अपने नाम किया है, जोकि आगरा में हुआ था। उन्होंने बताया कि 2 अन्य विद्यार्थियों का चयन भी हुआ। इन्हीं उपलब्धियों को मद्देनजर रखते हुए एन.सी.सी. गर्ल्ज की वेकैंसी में बढ़ौतरी करने की बात कही है।

# युवा महोत्सव में धर्मशाला कॉलेज ओवरऑल विजेता

## वन एक्ट प्ले में राजकीय महाविद्यालय रामपुर प्रथम, ढलियारा में चल रहे युवा महोत्सव का समापन

**जागरण टीम, देहरा/ढलियारा :** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में चल रहे युवा महोत्सव ग्रुप चार का शनिवार को समापन हो गया। समापन समारोह में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में शिक्षा सलाहकार डॉ. अमरदेव सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कॉलेज प्राचार्य मधु शर्मा ने मुख्यातिथि को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा ही छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए हरसंभव प्रयास करता रहा है जिसके तहत ही रूसा पाठ्यक्रम को अपनाया गया था। इस दौरान उन्होंने क्वालिटी एजुकेशन पर फोकस करने की बात करते हुए कहा कि रूसा को शुरू करने में पहले कुछ समस्याएं जरूर आईं, लेकिन अब सुचारू रूप से सभी कॉलेज इस प्रणाली के तहत काम कर रहे हैं। इसके बाद छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियां भी दी। इसमें आंचल, रूचि, राजेश, तथा कामेडियन प्रिंस गर्ग ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं।

इस दौरान आयोजित वन एक्ट प्ले में राजकीय महाविद्यालय रामपुर प्रथम, आरकेएमबी शिमला व राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान द्वितीय, गौतम कन्या महाविद्यालय हमीरपुर व मंडी तीसरे स्थान पर रहे।

स्किट प्रतिस्पर्धा में बिलासपुर प्रथम, ढलियारा व धर्मशाला द्वितीय तथा रामपुर व संजोली कॉलेज तृतीय स्थान पर रहे। मूक अभिनय में धर्मशाला कॉलेज पहले, हमीरपुर व गौतम कॉलेज हमीरपुर दूसरे व ढलियारा और नगरोटा बगवां कॉलेज तीसरे स्थान पर रहे। मिमिक्री में मेजबान ढलियारा प्रथम, धर्मशाला द्वितीय व संजौली कॉलेज तीसरे स्थान पर रहे।

इस दौरान कार्यक्रम में कॉलेज पीटीए प्रधान शशिपाल, ठाकुर कॉलेज के चेयरमैन राजेश ठाकुर, एसएस सिपेहिया, श्रुति शर्मा, मोनिका रैना, डॉ. वीणा गौतम, प्रो. स्वदीप सूद, प्रो. सुशील कुमार, प्रो. करण सिंह पठानिया, प्रो. सुनीता, प्रो. संजीव कुमार, डॉ. रमन, प्रो. पवन, प्रो. राकेश, सुरेश, दिनेश, सुरिंद्र, डॉ. रूचि, प्रो. अनीता कुमार, डॉ. रीता देवी, धर्मेंद्र, प्रो. उज्जवल राठौर, डॉ. वंदना कौंडल, प्रो. कमलेश कुमार, प्रो. रिनू चौधरी, निशा चौधरी, कमलेश कुमारी व अनुराधा उपस्थित थे।




राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में शुक्रवार को युवा महोत्सव ग्रुप-4 के समापन पर विजेताओं को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि शिक्षा सलाहकार डॉ. अमरदेव सिंह • जागरण

दैनिक जागरण 14/10/17

228

दैनिक जागरण 29/10/17

# मतदान कर निभाएं राष्ट्र निर्माण में भागीदारी

**धर्मशाला कॉलेज में दैनिक जागरण के अभियान के तहत मतदान के लिए जागरूक किए विद्यार्थी, कॉलेज प्राचार्य ने दिलाई विद्यार्थियों को मतदान करने की शपथ**

संवाद सहयोगी, धर्मशाला : दैनिक जागरण के 'सभी चुनें, सही चुनें' अभियान के तहत शनिवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में मतदाता शपथ समारोह का आयोजन किया गया। शपथ समारोह में कॉलेज प्रशासन समेत एमबीए, एमसीए व बी-वॉक विभागों के प्रशिक्षु छात्रों ने भाग लिया। शपथ समारोह में कॉलेज प्राचार्य सुनील मेहता ने विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में हर मतदाता अपनी अहम भूमिका निभाता है। चुनावों में मतदाता जिस सोच और व्यक्तित्व के व्यक्ति को वोट डालकर विजयी बनाता है, उसी के आधार पर उनके क्षेत्र व राष्ट्र का विकास होता है। साथ ही देश की व्यवस्था भी चलती है। उन्होंने कहा कि यहां इस तरह का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि देश में सबसे ज्यादा युवा मतदाता हैं और कॉलेज में पढ़ने वाले अधिकतर युवा पहली बार मतदान करते हैं। कई बार यह भी देखा जाता है कि युवा मतदान के प्रति उपेक्षित रहते हैं। कुछ युवाओं को मतदान का महत्व भी पता नहीं होता है। उन्होंने कहा कि पढ़े-लिखे युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक होना चाहिए। युवाओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि नौ नवंबर को हिमाचल प्रदेश विधानसभा के चुनाव होना है। इसलिए सभी युवा सोच-समझ कर और अपने क्षेत्र में सक्षम व स्वच्छ छवि के उम्मीदवार को वोट डालकर सही सरकार चुनने में सहयोग दें। युवाओं को अपने आसपास, घर व गांव में भी अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। उन्होंने दैनिक जागरण के इस अभियान की सराहना की और कहा कि मतदाताओं खास कर युवाओं को मताधिकार के प्रति जागरूक करने की दैनिक जागरण की मुहिम सराहनीय है। इससे युवाओं में सीधे तौर पर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी का एहसास होता है। इसके बाद उन्होंने उपस्थित छात्रों व कॉलेज स्टाफ को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। इस मौके पर प्राध्यापक डॉ. नरेश शर्मा, एमबीए विभाग से अखिल गौतम, अंकिता सूद, मेघना सूद, प्रियंका शर्मा, एमसीए विभाग से सतीश सूद, सचिन अवस्थी, पवन ठाकुर, बी-वॉक से कनिका सूद व कार्यालय से संजीव कटोच भी मौजूद रहे।




दैनिक जागरण के 'सभी चुनें, सही चुनें' अभियान के तहत शनिवार को राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में मतदाता शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों व स्टाफ को मतदान की शपथ दिलाते कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता ● जागरण

पंजाब केसरी (22/11/17)

## धर्मशाला कालेज में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 26 से

धर्मशाला, 21 नवम्बर (ब्यूरो): राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में 26 से 29 नवम्बर तक राज्य स्तरीय इंटर कालेज वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता ने बताया कि 26 नवम्बर को सुबह 10 बजे डी.वाई.एस.एस.ओ. सिंथैटिक ग्राऊंड धर्मशाला में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा, जिसमें प्रदेश भर के 60 महाविद्यालयों की टीमें भाग लेंगी जबकि 29 नवम्बर को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय खेलकूद विभाग और खेल कार्यक्रम के डायरैक्टर डा. सुरेंद्र कुमार शर्मा के हाथों से दोपहर 2 बजे प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक डा. नरेश मनकोटिया ने बताया कि इस वर्ष इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रदेश के सबसे ज्यादा महाविद्यालय भाग ले रहे हैं जो धर्मशाला कालेज के लिए एक गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता करेंगे। इस वार्षिक प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 5000 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता करवाई जाएगी। ऊंची कूद, लंबी कूद, चक्का फैंक, गोला फैंक, भाला फैंक व रिले दौड़ प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी। इसी तरह महिला वर्ग में भी मुकाबले होंगे।

दिव्य हिमाचल (22/11/17)

# 60 कालेजों के खिलाड़ी

## राज्य स्तरीय टूर्नामेंट का शुभारंभ 26 नवंबर से, प्रिंसीपल प्रो. सुनील मेहता करेंगे आगाज

▪ स्टाफ रिपोर्टर, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश के 60 महाविद्यालयों के खिलाड़ी धर्मशाला कालेज में होने वाली स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में अपना दमखम दिखाएंगे। धर्मशाला कालेज में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 26 नवंबर से शुरू हो जाएगी। इसके लिए प्रदेश भर के उभरते खिलाड़ी 25 नवंबर को पहुंचना शुरू हो जाएंगे। कालेज के महिला व पुरुष एथलेटिक्स वर्ग के सभी मुकाबले सिंथेटिक ट्रैक धर्मशाला में आयोजित किए जाएंगे। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में 26 से लेकर 29 नवंबर तक राज्य स्तरीय इंटर कालेज वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कालेज के प्रिंसीपल प्रो. सुनील मेहता ने बताया कि 26 नवंबर को सुबह दस बजे डीवाईएसएसओ सिंथेटिक ट्रैक धर्मशाला में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। इसमें प्रदेश भर के 60 महाविद्यालयों की टीमें भाग लेंगी, जबकि 29 नवंबर को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय खेलकूद विभाग और खेल कार्यक्रम के डायरेक्टर डा. सुरेंद्र कुमार शर्मा के हाथों से दोपहर दो बजे प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक डा. नरेश मनकोटिया ने बताया कि इस वर्ष वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रदेश के सबसे ज्यादा महाविद्यालय भाग ले रहे हैं, जो धर्मशाला कालेज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य



▪ **सिंथेटिक ट्रैक पर होंगे महिला-पुरुष एथलेटिक्स मुकाबले**

प्रो. सुनील के मेहता करेंगे। वार्षिक प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 100 मीटर, 200, 400, 800, 1500 व पांच हजार मीटर की दौड़ करवाई जाएगी। वहीं, ऊंची कूद, लंबी कूद, चक्का फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक व रिले दौड़ प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी। इसी तरह से महिला वर्ग के भी मुकाबले धर्मशाला सिंथेटिक ट्रैक में ही आयोजित होंगे।

अमर उजाला 23/11/17

## धर्मशाला कॉलेज में दाखिले 27 नवंबर से

**धर्मशाला।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर की कक्षाओं में दाखिले 27 नवंबर से शुरू होंगे।

प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार मेहता ने बताया कि उक्त सेमेस्टर की कक्षाओं में दाखिला लेने के लिए छात्र-छात्राएं 27 नवंबर से अपनी फीस जमा करवा सकते हैं। विद्यार्थियों को फीस जमा करवाने से पहले अपने प्रार्थना पत्र मेजर विषय के प्रोफेसर से सत्यापित करवाने होंगे।

प्राचार्य ने बताया कि दाखिले से संबंधित सारी जानकारी महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के सूचना पट्टों पर लगा दी गई है। कॉलेज में सभी विभागों की नियमित कक्षाएं एक दिसंबर 2017 से आरंभ हो जाएंगी। ब्यूरो

अमर-उजाला 24/11/2017

## प्राचार्य ने प्रशिक्षण का किया औचक निरीक्षण

धर्मशाला। डिग्री कॉलेज धर्मशाला के बी-वॉक कोर्स के प्रशिक्षुओं के चल रहे औद्योगिक प्रशिक्षण का कॉलेज प्राचार्य प्रो सुनील मेहता ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्राचार्य ने प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण की जानकारी हासिल की। व्यावहारिक रूप से विषय की बारीकियों को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। कॉलेज के बी-वॉक के नोडल ऑफिसर नीरज शर्मा ने बताया कि हॉस्पिटेलिटी एडं टूरिज्म और रिटेल मैनेजमेंट के प्रशिक्षुओं को विभिन्न होटलों और मेगा मार्ट में औद्योगिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस मौके पर बी-वॉक की ट्रेनर कनिका सूद, कुनाल कश्यप और प्रशिक्षण प्रबंधक अंकित शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।



धर्मशाला कॉलेज में वीवॉक के विद्यार्थियों के औद्योगिक प्रशिक्षण के दौरान प्राचार्य सुनील मेहता ने विद्यार्थियों और अध्यापकों को विभिन्न शोरुम का भ्रमण करवाकर व्यवसाय की बारीकियों से अवगत करवाया।

पंजाब केसरी (25/11/17)

## विशाल भूटान में देश का करेंगे प्रतिनिधित्व



*धर्मशाला : महाविद्यालय धर्मशाला के एन.सी.सी. कैडेट विशाल चौधरी कालेज के स्टाफ के साथ सामूहिक चित्र में।* (नवीन)

**धर्मशाला, 24 नवम्बर (ब्यूरो):** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के एन.सी.सी. कैडेट विशाल चौधरी भूटान में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। भूटान में दिसम्बर के तीसरे सप्ताह में नैशनल-डे को मनाने हेतु 7 देशों के एन.सी.सी. कैडेट्स भाग लेंगे जिनमें भारत से राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला से विशाल चौधरी भाग लेंगे।

इस दौरान प्राचार्य सुनील कुमार मेहता, कमांडिंग ऑफिसर जे.एस. धालीवाल व लैफ्टिनैंट डा. रंजीत ठाकुर ने बताया कि यह हमारे कालेज के लिए गर्व की बात है कि हमारे कालेज का छात्र देश का प्रतिनिधित्व करेगा।

अमर उजाला (25/11/17)

## धर्मशाला में खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत



धर्मशाला - 21 से 23 नवंबर तक डिग्री कालेज कुल्लू में आयोजित की गई इंटर कालेज बास्केटबाल प्रतियोगिता में उपविजेता रही डिग्री कालेज धर्मशाला टीम शुक्रवार को अपने कालेज पहुंची। कालेज स्टाफ व छात्रों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कालेज प्रधानाचार्य सुनील कुमार मेहता ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि धर्मशाला कालेज टीम ने 14 साल बाद फाइनल में प्रवेश किया है। यह कालेज के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि कालेज में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसके परिणाम आने शुरू हो गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार हमारे कालेज के खिलाड़ी इंटर यूनिवर्सिटी के लिए भी चयनित होंगे। इस मौके पर डा. नरेश मनकोटिया, प्रो. नरेश शर्मा व अन्य स्टाफ के लोग मौजूद रहे

230

दैनिक जागरण (25/11/17)




## सेवा का जज्बा

धर्मशाला महाविद्यालय में शुक्रवार को एनसीसी विंग की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में कैडेट्स ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। रक्तदान करते एनसीसी प्रभारी व कैडेट्स ● जागरण

दैनिक जागरण 27/11/17

# उत्पीड़ित समुदायों की आवाज बना सोशल मीडिया

**विचार**

- **धर्मशाला कॉलेज के प्राध्यापक ध्यान सिंह ने रोम में पढ़ा शोध पत्र**
- **बोले, मुख्य धारा के मीडिया में नहीं मिल पाती है कवरेज**

**संवाद सहयोगी, धर्मशाला :** विश्व तेजी से विकसित हो रहा है, लेकिन समाज में घृणा की दृष्टि से देखे जाने वाले आज भी ऐसे समुदाय हैं जिनके हकों की आवाज कहीं नहीं उठाई जाती है। समाज के ऐसे वर्गों के उत्पीड़न व इनकी दशा को उजागर करने में सोशल मीडिया सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है।



धर्मशाला कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. ध्यान चंद।

इस तरह के अत्याचार खासकर पहाड़ी राज्यों में आज भी होते हैं, जो आए दिन सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंच रहे हैं। उनकी स्थिति को बताने का सोशल मीडिया ही मौजूदा समय में सबसे अच्छा माध्यम है। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में पत्रकारिता विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ध्यान सिंह ने इटली की राजधानी रोम में ब्रिटिश स्कूल में इस संबंध में अपना शोध पत्र पढ़ा। उन्होंने चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी ब्रिटिश स्कूल एट रोम में अपना शोध पत्र 'पावर एंड काउंटर पावर द कल्चर ऑफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स एंड इट्स इंपेक्ट ऑन द लाइफ ऑफ ओप्रेस्सड कम्युनिटीज इन इंडिया' पढ़ा।

इस संगोष्ठी का आयोजन अमेरिकन इंटरनेशनल जर्नल ऑफ आर्ट्स एंड साइंस व ब्रिटिश स्कूल एट रोम की ओर से किया गया था। इस संगोष्ठी में विज्ञान, इतिहास, शिक्षा, मीडिया, फिल्म अध्ययन, संस्कृति व प्रबंधन आदि विषयों पर शोधकर्ताओं व शिक्षकों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

डॉ. ध्यान सिंह के 16 अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र व दो पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। वह 10 राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस, रेडियो गोष्ठियों व काव्य सम्मेलनों में भाग ले चुके हैं। उनका मानना है कि मुख्य धारा का मीडिया सामाजिक व सांस्कृतिक सीमाओं में जकड़ा हुआ है। जो उत्पीड़क समुदायों के मुद्दे हैं, उन्हें पूर्ण कवरेज नहीं मिल पाती है। सोशल मीडिया एक वैकल्पिक सशक्त माध्यम के रूप में उभर रहा है। उन्होंने अपने शोध पत्र के निष्कर्ष पर कहा कि 1996 में जेनेट कुक व 2012 में रोबिन जैफर्सन के शोध मेन स्ट्रीम मीडिया की दलित कवरेज को लेकर एक गंभीर सवाल खड़ा करते हैं। इस शोध में यह बात उभर कर सामने आई है कि दलित, ट्राइबल, उत्पीड़क समुदाय आज सोशल मीडिया को एक वैकल्पिक मीडिया के रूप में अपने सामाजिक मुद्दों से लेकर सामाजिक अन्याय, उत्पीड़न व हिंसा के विरुद्ध एक हथियार के रूप में प्रयोग कर रहे हैं, जो पहले मेन स्ट्रीम मीडिया में संभव नहीं था।

पंजाब केसरी (27/11/17)

# डा. ध्यान सिंह ने पढ़ा रोम में शोध पत्र

धर्मशाला, 26 नवम्बर (नवीन): राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में पत्रकारिता विषय के असिस्टैंट प्रोफैसर डा. ध्यान सिंह ने इटली की राजधानी रोम में ब्रिटिश स्कूल एट रोम में अपना शोध पत्र पढ़ा। उन्होंने 4 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी ब्रिटिश स्कूल एट रोम, इटली में अपना शोध पत्र पावर एंड काऊंटर पावर द कल्चर ऑफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स एंड इट्स इम्पैक्ट ऑन द लाइफ ऑफ ओप्रैस्ड कम्युनिटीज इन इंडिया सोशल मीडिया की उत्पीड़क समुदाय के सरोकार प्रस्तुत किया। इस संगोष्ठी का आयोजन अमेरिकन इंटरनैशनल जनरल ऑफ आर्ट्स एंड साइंस व ब्रिटिश स्कूल एट रोम द्वारा संयुक्त रूप किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रैंस में साइंस, इतिहास, शिक्षा, मीडिया, फिल्म अध्ययन, संस्कृति व प्रबंधन इत्यादि विषयों पर सत्र से अधिक शोधकर्त्ताओं तथा शिक्षकों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस संगोष्ठी में प्रतिभागियों के लिए टिवोली गार्डन तथा विला एस्टेट जैसे पौराणिक ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण का भी विशेष रूप से प्रबंध किया गया था।

दिव्य हिमाचल (27/11/17)

# डा. ध्यान ने इटली में पढ़ा शोध

- **धर्मशाला कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर ने सोशल मीडिया पर की है रिसर्च**

■ नगर संवाददाता, धर्मशाला



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में पत्रकारिता विषय के असिस्टेंट प्रो. डा. ध्यान सिंह ने इटली की राजधानी रोम में अपना शोधपत्र पढ़ा। उन्होंने चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी ब्रिटिश स्कूल ऐट रोम इटली में अपना शोध पत्र पावर एंड काउंटर पावर दि कल्चर ऑफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एंड इट्स इम्पैक्ट ऑन दि लाइफ ऑफ ओप्रेस्ड कम्युनिटीज इन इंडिया प्रस्तुत किया। इस दौरान समाज के उत्पीड़क समुदायों द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर बात की गई। इस संगोष्ठी का आयोजन अमेरिकन इंटरनेशनल जर्नल ऑफ आर्ट्स एंड साइंस व ब्रिटिश स्कूल ऐट रोम द्वारा संयुक्त रूप से 14 से 17 नवंबर तक किया गया। इस अंतराष्ट्रीय कान्फ्रेंस में साइंस, इतिहास, शिक्षा, मीडिया, फिल्म अध्ययन, संस्कृति व प्रबंधन इत्यादि विषयों पर शोधकर्ताओं तथा शिक्षकों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। गौर हो कि डा. ध्यान सिंह के 16 अंतरराष्ट्रीय शोधपत्र, दो पुस्तकों के अलावा 10 राष्ट्रीय तथा अंतराष्ट्रीय कान्फ्रेंस, कई रेडियो गोष्ठियां, काव्य सम्मेलनों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा चुके हैं। डा. ध्यान ने बताया कि समाज की मुख्य धारा में मीडिया अपनी सामाजिक तथा सांस्कृतिक सीमाओं में जकड़ा हुआ है। इस कारण उत्पीड़क समुदायों के जो मुद्दे हैं, उन्हें पूर्ण कवरेज नहीं मिल पाती है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया एक वैकल्पिक सशक्त माध्यम के रूप में उभर रहा है। इस शोध में यह बात उभर कर सामने आई है कि दलित, ट्राइबल, उत्पीड़क समुदाय आज सोशल मीडिया को अपने सामाजिक मुद्दों से लेकर सामाजिक अन्याय, उत्पीड़न और हिंसा के विरुद्ध एक हथियार के रूप में प्रयोग कर रहें हैं, जो पहले मेनस्ट्रीम मीडिया में संभव नहीं था। इस संगोष्ठी में प्रतिभागियों के लिए टिवोली गार्डन तथा विला एस्टेट जैसे ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण का भी विशेष प्रबंध किया गया था।

२३

# धर्मशाला कालेज में एनसीसी दिवस की धूम

## एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डा. मोनिका ने स्वच्छ-स्वस्थ नागरिक बनने के दिए टिप्स

**स्टाफ रिपोर्टर, धर्मशाला**

पीजी कालेज धर्मशाला में एक एचपी गर्ल्ज बटालियन एनसीसी के कैडेट्स ने 69वीं एनसीसी दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में धर्मशाला कालेज प्रिंसीपल प्रो. सुनील के मेहता विशेष रूप से मौजूद रहे। इसमें गेस्ट ऑफ ऑनर मटौल कालेज प्रिंसीपल रशमी रमहोल मौजूद रहे। इसके अलावा सीनियर प्रो. अनिता चंबियाल और डा. चारू शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। एक एचपी गर्ल्ज बटालियन एनसीसी की प्रभारी लेफ्टिनेंट डा. मोनिका शर्मा ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने एनसीसी दिवस और उसके महत्त्व के बारे में अतिथियों और कैडेट्स को अवगत करवाया। प्रिंसीपल रशमी रमहोल ने कैडेटस को स्वच्छ और स्वस्थ रहकर देश के लिए एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सही आहार और पोषाहार से स्वस्थ रहने के बारे में भी जानकारी प्रदान की। धर्मशाला कालेज प्रिंसीपल मुख्यातिथि प्रो. सुनील के मेहता ने कैडेट्स को भविष्य में बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही एनसीसी दिवस पर बधाई भी दी। कार्यक्रम में कैडेट्स द्वारा रन फॉर हेल्थ का आयोजन किया गया। जिसे मुख्यातिथि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें सभी कैडेट्स ने अपनी भागीदारी निभाई। इस दौरान प्रभारी लेफ्टिनेंट डा. मोनिका शर्मा के नेतृत्व में शहर के तीन किलोमीटर तक स्वस्थ रहने का संदेश दिया। डा. शर्मा ने बताया कि वन एचपी गर्ल्ज बटालियन द्वारा समय-समय पर लोगों को जागरूक किए जाने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि कैडेटस के लिए भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती है, जिससे वह जिम्मेदार नागरिक बनकर देश की सेवा के लिए आगे आ सकें।




दिव्य हिमाचल
27/11/17

# 1500 मीटर दौड़ में धर्मशाला कॉलेज की सुनीता रही अव्वल

## शॉटपुट के पुरुष वर्ग में हमीरपुर कॉलेज के पंकज मलकोटिया रहे प्रथम

**संवाद सहयोगी, धर्मशाला** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में रविवार को 43वीं वार्षिक अंतर महाविद्यालय एथलेटिक मीट शुरू हो गई। शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा, खेलों से शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक व बौद्धिक विकास भी होता है।

पहले दिन हुई 1500 मीटर की दौड़ में धर्मशाला कॉलेज की सुनीता ने पहला, इसी कॉलेज की मनीषा ने दूसरा व मंडी की कुसुम देवी तृतीय रही। शॉटपुट के पुरुष वर्ग में हमीरपुर कॉलेज के पंकज मलकोटिया प्रथम, ऊना कॉलेज के नवदीप द्वितीय व धर्मशाला के विशाल तृतीय स्थान पर रहे। महिलाओं की 100 दौड़ में गौतम गर्ल्स कॉलेज हमीरपुर की अर्चना प्रथम, बिलासपुर की रजनी द्वितीय व हमीरपुर कॉलेज की प्रिया ने तृतीय स्थान अर्जित किया। लड़कों की लंबीकूद में ऊना कॉलेज के अंकित प्रथम, भटोली कॉलेज के चंदन द्वितीय तो धर्मशाला महाविद्यालय के यशविंद्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक मीट में प्रदेशभर से 56 कॉलेजों के 533 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।



धर्मशाला के सिंथेटिक ट्रेक में अंतर महाविद्यालय एथलेटिक मीट में 1500 मीटर दौड़ में पहले तीन स्थानों पर रही खिलाड़ी मुख्यातिथि सुनील मेहता के साथ ● जागरण

धर्मशाला कॉलेज में अंतर महाविद्यालय एथलेटिक मीट शुरू, प्रदेशभर से भाग ले रहे 533 प्रतिभागी

### आज होंगे ये मुकाबले

सोमवार को लड़के व लड़कियों के वर्ग में 5000 मीटर दौड़ होगी। इसके अलावा लड़कियों के वर्ग में जेवेलिन थ्रो का फाइनल तो पुरुष वर्ग में हाई जंप के फाइनल मुकाबले होंगे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एथलेटिक मीट के आयोजक सचिव प्रो. नरेश मनकोटिया, वीना मनकोटिया, साई के एथलेटिक्स कोच केहर सिंह पटियाल व डॉ. मोनिका मक्कड़ सहित अन्य मौजूद रहे।

दैनिक जागरण
27/11/17




### आगे बढ़ने की दौड़....

धर्मशाला स्थित सिंथेटिक ट्रैक में अंतर महाविद्यालय एथलेटिक मीट का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को महिला वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में भाग लेती धावक। इस अवसर पर धर्मशाला महाविद्यालय की सुनीता ने पहला, मुनीषा ने दूसरा व कुसुम ने तीसरा स्थान हासिल किया ● जागरण

दैनिक जागरण
27/11/17

232

पंजाब केसरी 27/11/17

# 1500 मीटर दौड़ में सुनीता प्रथम





धर्मशाला : राजकीय कालेज धर्मशाला में 4 दिवसीय राज्य स्तरीय 43वीं वार्षिक एथलैटिक मीट के दौरान सिंथैट्रिक ट्रैक में दौड़ लगाते खिलाड़ी। (नवीन)

## रविवार को राज्य स्तरीय 43वीं वार्षिक एथलैटिक मीट शुरू

धर्मशाला, 26 नवम्बर (नवीन): राजकीय कालेज धर्मशाला में 4 दिवसीय राज्य स्तरीय 43वीं वार्षिक एथलैटिक मीट का शुभारंभ रविवार को हुआ, जिसका शुभारंभ प्राचार्य प्रो. सुनील के. मेहता ने किया। इस प्रतियोगिता में राज्य की कुल 56 कालेज की टीमें और लगभग 533 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के कन्वीनर डा. नरेश मनकोटिया के अनुसार रविवार को हुए मुकाबलों में लड़कियों की 1500 मीटर फाइनल में धर्मशाला कालेज की सुनीता प्रथम, धर्मशाला कालेज की मनीषा द्वितीय और मंडी कालेज की कुसुम देवी तीसरे स्थान पर रही। वहीं शॉटपुट पुरुष स्पर्धा में हमीरपुर कालेज के पंकज मनकोटिया प्रथम, ऊना कालेज के नवदीप दूसरे और धर्मशाला कालेज के विशाल तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं की 100 मीटर फाइनल स्पर्धा में गौतम गर्ल्ज कालेज हमीरपुर की अर्चना प्रथम, बिलासपुर कालेज की रजनी दूसरे और हमीरपुर कालेज की प्रिया तीसरे स्थान पर रही। लड़कों के लांग जंप में ऊना कालेज के अंकित प्रथम, भटोली कालेज के चंदन दूसरे और धर्मशाला कालेज के यशविंद्र तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले विभिन्न कालेज के खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर कुलदीप सिंह, राज कुमार, पवन वर्मा, बलवीर सिंह, मीरा चौहान, ध्यान सिंह, सुनीता महाजन, प्रवीण रणौत, सतीश व राज कुमार जम्वाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




धर्मशाला : सिंथैटिक ट्रैक में मार्चपास्ट की सलामी के दौरान विभिन्न कालेज के प्रतिभागी। (नवीन)




## जोर लगा के...

धर्मशाला के सिंथेटिक ट्रैक में अंतर महाविद्यालय एथलेटिक मीट के दूसरे दिन जेवलिग थ्रो फेंकता खिलाड़ी • जागरण

दैनिक जागरण 28/11/17

# पांच हजार मीटर दौड़ में हिना ने मारी बाजी

**इंटर कॉलेज एथलेटिक मीट के दूसरे दिन भी धर्मशाला का दबदबा, जेवलिन थ्रो में सत्या ठाकुर और कार्तिक ने हासिल किया पहला स्थान**

अमर उजाला ब्यूरो
धर्मशाला।

राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स मीट के दूसरे दिन भी मेजबान कॉलेज के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। महिला वर्ग की 5000 मीटर दौड़ में धर्मशाला कॉलेज की हिना ने बाजी मारी, जबकि द्वितीय स्थान पर रीजनल सेंटर धर्मशाला की गार्गी शर्मा रहीं। तीसरा स्थान राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला की अनीता ने प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में जोगिंद्रनगर के सावन बसवाल, धर्मशाला के अनीश और पांवटा साहब के पंकज क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे।

जेवलिन थ्रो महिला वर्ग में महाराजा लक्ष्मण सेन मेमोरियल सुंदरनगर की सत्या ठाकुर प्रथम, सुजानपुर कॉलेज की किरण कुमारी द्वितीय, आरकेएमवी शिमला की अंजलि तृतीय, पुरुष वर्ग में कार्तिक पालमपुर कॉलेज प्रथम, द्वितीय स्थान सुभाष पांगी महाविद्यालय, अमित कपूर बैजनाथ कॉलेज तृतीय, 200 मीटर महिला श्रेणी में गौतम गर्ल्स कॉलेज हमीरपुर की अर्चना प्रथम, बिलासपुर कॉलेज की रितिका द्वितीय और राजकीय कॉलेज हमीरपुर की प्रिया तृतीय रहीं। ऊंची कूद में पुरुष वर्ग में धर्मशाला कॉलेज के यसविंद्र सिंह ने पहला, सचिन कुमार ने दूसरा, छियाल सिंह ने तीसरा, महिला वर्ग में प्रथम मंजुला देवी जोगिंद्रनगर, द्वितीय काजोल ठाकुर ढलियारा, तृतीय प्रियंका वर्मा बिलासपुर कॉलेज रहीं।

### लंबीकूद में बिलासपुर की रजनी रहीं प्रथम

लंबीकूद में बिलासपुर की रजनी, कोटशेरा की नेहा, महाराजा लक्ष्मण सेन मेमोरियल सुंदरनगर की शिवानी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहीं। 200 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में ऊना के आयुष प्रथम, द्वितीय पारस कोहली धर्मशाला और आशीष ठाकुर हमीरपुर कॉलेज तृतीय रहे। एथलेटिक्स मीट के संयोजक डॉ नरेश मनकोटिया ने बताया कि मंगलवार को 18 प्रतिस्पर्धाएं होंगी।

इनमें 10000 मीटर की पुरुष और महिला वर्ग, डिसकस थ्रो, 400 मीटर हीट, 1500 मीटर, 4 गुना 100 मीटर रिले आदि प्रतिस्पर्धाएं होंगी। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील मैहता, डॉ अमर सिंह पराशर, डॉ जिनेश जोशी, डॉ प्रमोद पटियाल, डॉ नीरज शर्मा, डॉ सतीश ठाकुर, डॉ विक्रम वत्स, डॉ. सविता सिंह और डॉ ध्यान सिंह आदि मौजूद रहे।




इंटर कॉलेज एथलेटिक मीट के दौरान लंबी कूद स्पर्धा में भाग लेती खिलाड़ी।

अमर उजाला 28/11/17

पंजाब केसरी 28/11/17

# 5000 मीटर दौड़ में धर्मशाला की हिना प्रथम



*धर्मशाला : सिंथैटिक ट्रैक धर्मशाला में इंटर कालेज एथलैटिक मीट के दूसरे दिन जैवलिन थ्रो करते प्रतिभागी।* (नवीन)



*धर्मशाला : इंटर कालेज एथलैटिक मीट में दौड़ लगाती लड़कियां।*

**धर्मशाला, 27 नवम्बर (नवीन):** राजकीय कालेज धर्मशाला में इंटर कालेज एथलैटिक मीट के दूसरे दिन सोमवार को भी मेजबान कालेज के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। महिला वर्ग की 5000 मीटर दौड़ में धर्मशाला कालेज की हिना ने बाजी मारी, जबकि द्वितीय स्थान पर रीजनल सैंटर धर्मशाला की गार्गी शर्मा रही। इसके अलावा तीसरा स्थान राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला की अनीता ने प्राप्त किया। वहीं पुरुष वर्ग में जोगिंद्र नगर के सावन बसवाल प्रथम, धर्मशाला के अनीश दूसरे तथा पांवटा साहिब के पंकज तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा जैवलिन थ्रो महिला वर्ग में महाराजा लक्ष्मण सेन मैमोरियल सुंदरनगर की सत्या ठाकुर पहले, दूसरे स्थान पर सुजानपुर कालेज की किरण कुमारी तथा तृतीय स्थान पर राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला की अंजलि रही। इसी स्पर्धा में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर पालमपुर कालेज के कार्तिक पांगी महाविद्यालय के सुभाष दूसरे तथा बैजनाथ कालेज के अमित कुमार तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य प्रो. सुनील के. मेहता, प्रोफैसर ध्यान सिंह, नरेश सिंह, डा. अमर सिंह पराशर, डा. जिनेश जोशी, डा. प्रमोद पटियाल, डा. नीरज शर्मा, डा. सतीश ठाकुर, डा. विक्रम वत्स और डा. सविता सिंह सहित अन्य प्रोफैसर मौजूद रहे।

## 200 मीटर दौड़ में हमीरपुर की अर्चना प्रथम

200 मीटर महिला श्रेणी में गौतम गर्ल्स कालेज हमीरपुर की अर्चना प्रथम, बिलासपुर कालेज की रितिका द्वितीय और राजकीय कालेज हमीरपुर की प्रिया तृतीय रही। हाई जंप पुरुष वर्ग स्पर्धा में धर्मशाला कालेज के यसविंद्र सिंह ने पहला, सचिन कुमार ने दूसरा, छियाल सिंह व शुभम धर्मशाला कालेज, ढलियारा और चम्बा के खिलाड़ियों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला स्पर्धा में जोगिंद्रनगर कालेज से मंजुला देवी प्रथम, ढलियारा कालेज दूसरे तथा बिलासपुर कालेज की प्रियंका तीसरे स्थान पर रही। लांग जंप की श्रेणी में बिलासपुर की रजनी प्रथम, कोटशेरा की नेहा दूसरे तथा महाराजा लक्ष्मण सेन मैमोरियल सुंदरनगर की शिवानी तीसरे स्थान पर रही। दिन की अंतिम स्पर्धा 200 मीटर पुरुष वर्ग में ऊना का आयुष प्रथम, धर्मशाला कालेज का पारस दूसरे तथा हमीरपुर कालेज का आशीष ठाकुर तीसरे स्थान पर रहा।

## आज होंगे ये मुकाबले

मंगलवार को 18 प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें 10 हजार मीटर की पुरुष और महिला वर्ग, डिसकस थ्रो, 400 मीटर, 1500 मीटर और 4 गुना 100 मीटर रिले इत्यादि प्रतियोगिताएं मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी।





*धर्मशाला : सिंथैटिक ट्रैक में इंटर कालेज एथलैटिक मीट के दूसरे दिन हाई जंप लगाते खिलाड़ी।*

(234)

# 10000 मीटर दौड़ में धर्मशाला की हिना प्रथम




*धर्मशाला : सिंथैटिक ट्रैक पर दौड़ लगाते प्रतिभागी।* *(नवीन)*

धर्मशाला, 28 नवम्बर (नवीन): राजकीय कालेज धर्मशाला में इंटर कालेज एथलैटिक मीट के तीसरे दिन 7 पदक जीत कर धर्मशाला कालेज का दबदबा कायम रखा है। 10000 मीटर महिला वर्ग में धर्मशाला कालेज की हिना ने प्रथम, गार्गी शर्मा दूसरे और राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला की अनीता को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। पुरुष वर्ग में जोगिंद्रनगर कालेज के सावन बारवाल प्रथम, धर्मशाला के अनीश दूसरे और धर्मशाला के ही किशोर तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग की 400 मीटर दौड़ में बिलासपुर की कृतिका ने बाजी मारी, जबकि द्वितीय स्थान पर हमीरपुर की दीपशिखा रही।

तीसरा स्थान राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर की अलका ठाकुर ने प्राप्त किया। 1500 वर्ग की फाइनल दौड़ में पुरुष वर्ग में पांवटा साहिब के पंकज, देहरी के रणधीर और जोगिंद्रनगर कालेज के अमित कुमार विजेता बने। 4 गुणा 100 रेस में पुरुषों में प्रथम हमीरपुर कालेज, द्वितीय धर्मशाला व तृतीय देहरी कालेज के छात्र रहे। वहीं इसी स्पर्धा में महिलाओं में हमीरपुर प्रथम, धर्मशाला द्वितीय और संग्राह कालेज तृतीय पायदान पर रहा।

इस अवसर पर प्रिंसीपल सुनील के. मेहता, साई के केहर सिंह, कोच स्वर्णा ठाकुर, डा. ध्यान सिंह और वीना मनकोटिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डिस्कस थ्रो में कंचन प्रथम

**डिस्कस** थ्रो महिला वर्ग में जोगिंद्रनगर महाविद्यालय की कंचन ठाकुर प्रथम रही। राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला की प्रियंका दूसरे तथा तृतीय स्थान राजकीय महाविद्यालय करसोग की खेमलता को मिला। पॉल वॉल्ट पुरुष स्पर्धा में हमीरपुर कालेज का अभिषेक प्रथम, पालमपुर महाविद्यालय का राहुल द्वितीय तथा हमीरपुर कालेज का रोहित कुमार तृतीय रहा।

## आज होंगी 9 प्रतिस्पर्धाएं

**कार्यक्रम** के संयोजक डा. नरेश मनकोटिया ने बताया कि बुधवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन 9 प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें पुरुष वर्ग में हैमर थ्रो दिन की पहली स्पर्धा होगी। उसके बाद पुरुष और महिला वर्ग में 800 मीटर दौड़, ट्रिप्पल जंप और अन्य बची हुई स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के फिजिकल एजुकेशन के निदेशक डा. सुरेंद्र कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

पंजाब केसरी (29/11/17)

अमर उजाला (29/11/17)




धर्मशाला। कॉलेज में इंटर महाविद्यालय एथलेटिक मीट के तीसरे दिन दस हजार मीटर दौड़ में भाग लेते धावक।

258



धर्मशाला के सिंथेटिक ट्रैक में चल रही अंतर महाविद्यालय एथलेटिक मीट के तीसरे दिन 400 मीटर रीले दौड़ के फाइनल में भाग लेते खिलाड़ी। इस दौरान एक खिलाड़ी गिर गया ● जागरण

दैनिक जागरण 29/11/17

# धर्मशाला में 10000 मीटर दौड़ में हिना और सावन अव्वल

## महिलाओं की डिस्कस थ्रो में जोगेंद्रनगर की कंचन ठाकुर ने मारी बाजी

**संवाद सहयोगी, धर्मशाला** : दस हजार मीटर दौड़ में धर्मशाला कॉलेज की हिना व जोगेंद्रनगर के सावन अव्वल रहे हैं। धर्मशाला कॉलेज में आयोजित की जा रही अंतर महाविद्यालय एथलेटिक मीट के तीसरे दिन मंगलवार को मेजबान कॉलेज ने सात पदकों पर कब्जा जमाया। महिलाओं की 10000 मीटर दौड़ में धर्मशाला कॉलेज की हिना पहले, इसी कॉलेज की गार्गी दूसरे व राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला की अनीता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। पुरुषों में जोगेंद्रनगर कॉलेज का सावन पहले, धर्मशाला का अनीश व किशोर क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे हैं। महिला वर्ग की 400 मीटर दौड़ में बिलासपुर की कृतिका ने बाजी मारी जबकि हमीरपुर की दीपशिखा ने दूसरा व जोगेंद्रनगर कॉलेज की अलका ठाकुर तीसरे स्थान पर रही। पुरुष वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में पांवटा साहिब का पंकज, देहरी का रणधीर व जोगेंद्रनगर कॉलेज का अमित कुमार क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। पुरुषों के 4 गुणा 100 मीटर दौड़ में हमीरपुर, धर्मशाला व देहरी जबकि महिला वर्ग में हमीरपुर, धर्मशाला व संगडाह कॉलेज क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं की डिस्कस थ्रो में जोगेंद्रनगर की कंचन ठाकुर प्रथम, राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला की प्रियंका द्वितीय व करसोग की खेमलता ने तृतीय स्थान अर्जित किया। पुरुषों की पॉल वॉल्ट स्पर्धा में हमीरपुर का अभिषेक प्रथम, पालमपुर का राहुल द्वितीय व हमीरपुर कॉलेज का रोहित कुमार तृतीय रहा।

**ये रहे मौजूद** : कार्यक्रम संयोजक डॉ. नरेश मनकोटिया, साई के कोच केहर सिंह पटियाल, स्वर्णा ठाकुर; डॉ. वीना मनकोटिया, कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता सहित अन्य प्राध्यापक इस मौके पर मौजूद रहे।

### आज अंतिम दिन होंगे नौ मुकाबले

अंतर महाविद्यालय एथलेटिक मीट के अंतिम दिन बुधवार को नौ मुकाबले होंगे। इनमें पुरुष वर्ग की हैमर थ्रो, पुरुष और महिला वर्ग की 800 मीटर दौड़, ट्रिप्पल जंप व अन्य स्पर्धाएं शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के फिजिकल एजुकेशन के निदेशक डॉ. सुरेंद्र कुमार शर्मा इस मौके पर मुख्य अतिथि होंगे।

Scan on

दैनिक जागरण 30/11/17



### जीत की खुशी

धर्मशाला के सिंथेटिक ट्रैक में अंतर महाविद्यालय एथलेटिक मीट में छात्रा वर्ग में ओवरऑल विजेता रही धर्मशाला की टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि ● जागरण

Scan on

236

# महिला वर्ग में धर्मशाला व पुरुष वर्ग में ऊना ओवरऑल चैम्पियन

## धर्मशाला में संपन्न हुई 4 दिवसीय राज्य स्तरीय 43वीं एथलीट मीट





*धर्मशाला : सिंथैटिक ट्रैक में संपन्न हुई एथलैटिक प्रतियोगिता में धर्मशाला व ऊना कालेज के प्रतिभागी ट्रॉफी सहित सामूहिक चित्र में।* (नवीन)

धर्मशाला, 29 नवम्बर (नवीन): राजकीय कालेज धर्मशाला में 4 दिवसीय राज्य स्तरीय 43वीं एथलीट मीट का समापन बुधवार को हो गया। इस अवसर पर हिमाचल विश्वविद्यालय के फिजिकल एजुकेशन के निदेशक डा. सुरेंद्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। महिला वर्ग में मेजबान कालेज की हिना और पुरुष वर्ग में ऊना महाविद्यालय के आयुष को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बैस्ट एथलीट घोषित किया गया। महिला वर्ग में ओवरऑल चैम्पियन ट्रॉफी में मेजबान कालेज धर्मशाला रहा, जबकि रनरअप ट्रॉफी का हकदार हमीरपुर कालेज बना। सैकेंड रनरअप ट्रॉफी बिलासपुर महाविद्यालय ने जीती व पुरुष वर्ग में ओवरऑल ट्रॉफी का विजेता ऊना कालेज बना। इसके अलावा दूसरे नंबर पर धर्मशाला कालेज और तीसरे नंबर पर ट्रॉफी का हकदार हमीरपुर रहा। कालेज प्राचार्य सुनील मेहता और निदेशक ने सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। बुधवार को 4 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें ट्रिप्पल जम्प में पहला स्थान भटोली कालेज के चंदन ने और दूसरा स्थान ऊना के अंकित कौशल ने प्राप्त किया, वहीं तीसरे नंबर पर हमीरपुर का रोहित कुमार रहा। हैमर थ्रो स्पर्धा सुंदरनगर के सुमित तथा हमीरपुर के आदर्श सांख्यान व इंद्रदेव ने जीती। वहीं फोर इन टू फोर हंड्रड पुरुष रिले में पहला स्थान ऊना कालेज के अंकित, आयुष, ऋतिक व मुकेश, दूसरा स्थान हमीरपुर कालेज के विकास, दीपक, रजनीश व सौरभ और तीसरे स्थान पर देहरी कालेज के दीपक, सौरभ, अधीर व विकास रहे। इसके बाद पुरुष वर्ग की 4 गुना 100 रिले में हमीरपुर के आशीष, मुकेश, अर्जुन व विकास पहले, धर्मशाला के मुकुल, पारस, निशांत व अजय दूसरे तथा देहरी के दीपक, अंकित, सौरभ व रणधीर तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में पहले स्थान पर हमीरपुर कालेज की दीपशिखा, शिल्पा, बबीता व प्रिया, दूसरे स्थान पर धर्मशाला कालेज की मनीषा, सुनीता, हिना व हेमलता और तीसरे स्थान पर संग्राह कालेज की सुमन, चिंता, जैवन्ती व रीना रहीं। लड़कियों की 4 गुना 400 दौड़ में धर्मशाला की हिना, मनीषा व हेमलता प्रथम, हमीरपुर की शिल्पा, बबीता, दीपशिखा व प्रिया दूसरे तथा तीसरे स्थान पर कुल्लू की सपना, पूजा, मेनका व अलका रहीं। इस अवसर पर पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

*धर्मशाला : सिंथैटिक ट्रैक पर रिले रेस में दौड़ लगाते प्रतिभागी।* (नवीन)





### जोगिंद्रनगर के सावन ने बनाया नया रिकार्ड

जोगिंद्रनगर के सावन ने 5000 मीटर दौड़ को 14 मिनट 59 सैकेंड में पूर्ण कर नया रिकार्ड बनाया। इससे पहले यहां पर पुराना रिकार्ड 15 मिनट 44 सैकेंड था। 5000 मीटर दौड़ धर्मशाला की हिना ने 17 मिनट 47 सैकेंड में पूरी कर रिकार्ड बनाया। वहीं धर्मशाला की हिना ने 10,000 मीटर दौड़ को 36 मिनट 59 सैकेंड में पूरा कर रिकार्ड बनाया। इससे पहले इसका 38 मिनट 37 सैकेंड रिकार्ड था। इसके अलावा ऊना कालेज के अनीश ने 800 मीटर दौड़ को 1 मिनट 57 सैकेंड में पूरा कर रिकार्ड बनाया। 4 गुना 400 मीटर रिले रेस को ऊना कालेज ने 4 मिनट 27 सैकेंड में पूरा किया। इससे पहले यहां 4 मिनट 31 सैकेंड का पुराना रिकार्ड था।

पंजाब केसरी
30/11/2017

अमर उजाला (30/11/17)

237

# धर्मशाला की लड़कियां, ऊना के लड़के चैंपियन

## इंटर कॉलेज एथलेटिक मीट में हिना और आयुष को बेस्ट एथलीट का खिताब, 1600 मीटर दौड़ में अंकित प्रथम

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला।

धर्मशाला के सिंथेटिक ट्रैक पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की 43वीं एथलेटिक मीट के महिला वर्ग में धर्मशाला और पुरुष वर्ग में ऊना कॉलेज ने ओवरऑल विजेता का खिताब हासिल किया। धर्मशाला कॉलेज की हिना और ऊना कॉलेज के आयुष को सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया। बुधवार को मीट के समापन समारोह में एचपीयू के शारीरिक शिक्षा विभाग के निदेशक डा. सुरेंद्र शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

महिला वर्ग में हमीरपुर दूसरे और बिलासपुर तीसरे स्थान पर रहा। पुरुष वर्ग में धर्मशाला दूसरे और हमीरपुर कॉलेज ने तीसरा स्थान झटका। मीट के अंतिम दिन चार प्रतियोगिताएं हुईं। ट्रिपल जंप में भटोली कॉलेज के चंदन ने पहला, ऊना के अंकित ने दूसरा और हमीरपुर के रोहित तीसरे स्थान पर रहा। हैमर थ्रो में सुंदरनगर के सुमित, हमीरपुर के आदर्श और इंद्र देव जीते। 1600 मीटर रिले दौड़ में ऊना के अंकित, आयुष, ऋषिक और अंकेश पहले, हमीरपुर के विकास, दीपक, रजनीश व सौरभ दूसरे और देहरी के दीपक, सौरभ अधीर और विकास तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग की 1600 मीटर रिले दौड़ धर्मशाला कॉलेज की हिना, मनीषा, हेमलता और दीपशिखा ने पहला, हमीरपुर की शिल्पा, बबिता, दीपशिखा व प्रिया दूसरे, कुल्लू की सपना, पूजा, मेनिका व अल्का ने तीसरा स्थान हासिल किया।

वहीं 400 मीटर रिले दौड़ में हमीरपुर के आशीष, मुकेश, अर्जुन और विकास पहले, धर्मशाला के मुकुल, पारस, निशांत और अजय दूसरे, देहरी के दीपक, अंकित, सौरभ, और रणधीर ने तीसरा स्थान पर रहे। महिला वर्ग की 400 मीटर रिले दौड़ में हमीरपुर कॉलेज की दीपशिखा, शिल्पा, बबिता और प्रिया पहले, दूसरे स्थान पर धर्मशाला कॉलेज की मनीषा, सुनीता, हिना और हेमलता, तीसरे स्थान पर संगड़ाह कॉलेज की सुमन, चिंता, जयवंती और रीना रहीं। इस मौके पर धर्मशाला कॉलेज के प्राचार्य सुनील मेहता, मीट के संयोजक डॉ. नरेश मनकोटिया मौजूद रहे।



धर्मशाला में एथलेटिक मीट के पुरुष वर्ग में विजेता रहे जिला ऊना कॉलेज क खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान करते एचपीयू के शारीरिक शिक्षा विभाग के निदेशक डा. सुरेंद्र शर्मा और प्राचार्य सुनील मेहता।



महिला वर्ग में विजेता धर्मशाला की खिलाड़ी अपने मेडलों और ट्रॉफी के साथ।

# ऐसे दौड़े एथलीट टूट गए कई रिकॉर्ड

हरीश चंद्र

धर्मशाला।

### धर्मशाला की हिना, ऊना के अंकेश, जोगिंद्रनगर के सावन के नए रिकार्ड



हिना



अंकेश



सावन

सिंथेटिक ट्रैक पर संपन्न हुई हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की 43वीं अंतर महाविद्यालय एथलेटिक मीट में चार नए रिकॉर्ड बने हैं। पुराने रिकार्डों को तोड़कर एथलीटों ने नए कीर्तिमान बनाए।

धर्मशाला कॉलेज में बीए फाइनल की हिना ने 10000 मीटर की लंबी दौड़ में नया रिकॉर्ड बनाया है। हिना ने यह दौड़ 36 मिनट 59 सेकंड में पूरी की, जबकि पुराना रिकॉर्ड 38 मिनट पांच सेकंड था। दूसरा रिकॉर्ड हिना ने 5000 मीटर दौड़ में बनाया। हिना ने यह दौड़ 17 मिनट 47 सेकंड में पूर कर नया रिकॉर्ड बनाया। इसके अलावा 5000 मीटर दौड़ में जोगिंद्रनगर कॉलेज के सावन कुमार ने नया रिकॉर्ड बनाया है। सावन ने यह दौड़ 14 मिनट 59 सेकंड में पूरी की, जबकि पुराना रिकॉर्ड 15 मिनट 44 सेकंड था। 800 मीटर दौड़ में ऊना कॉलेज के अंकेश चौधरी ने नया कीर्तिमान हासिल किया है। अंकेश ने 800 मीटर दौड़ एक मिनट 57 सेकंड में पूरी की, जबकि पुराना रिकॉर्ड एक मिनट 58 सेकंड था। रिले दौड़ में भी इस बार पुराना रिकार्ड टूटा है। 1600 मीटर की रिले दौड़ में ऊना के अंकेश चौधरी, अंकित कौशल, ऋतिक शर्मा और आयुष शर्मा ने तीन मिनट 27 सेकंड में पूरी की, जबकि पुराना रिकार्ड तीन मिनट 30 सेकंड था। उपरोक्त सभी रिकॉर्ड एचपीयू की अंतर कॉलेज एथलीट मीट के बने और टूटे हैं।



1600 मीटर रिले दौड़ में गोल्ड प्राप्त करने वाले ऊना कॉलेज के खिलाड़ी अंकेश, अंकित, रितिक और आयुष।

The Tribune (30/11/17



**PROUD MOMENT** The team of PG College receive the Champions' Trophy from the chief guest during the 43rd annual athletics Championship of HPU Inter College at Dharamsala on Tuesday. PHOTO: KAMALJEET

अमर उजाला

## धर्मशाला कॉलेज के समारोह में आएंगे दलाईलामा

धर्मशाला। आज सूबे के सबसे पुराने महाविद्यालय धर्मशाला के वार्षिक समारोह में धर्मगुरु दलाईलामा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। यह पहला मौका है कि धर्मगुरु धर्मशाला कॉलेज के वार्षिक समारोह में आएंगे। इससे पहले धर्मशाला कॉलेज में दलाईलामा वर्ष 2000 में आए थे, लेकिन उस समय कॉलेज की 75वीं वर्षगांठ का समारोह था। वार्षिक समारोह में वर्षभर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल और अन्य गतिविधियों में अव्वल रहने वाले छात्र-छात्राओं को नोबेल शांति पुरस्कार विजेता एवं धर्मगुरु दलाईलामा के हाथ सम्मान लेने की अवसर मिलेगा। कॉलेज प्राचार्य सुनील के मेहता ने कहा कि वार्षिक समारोह के लिए धर्मगुरु दलाईलामा का समय मिला है। यह कॉलेज के लिए सौभाग्य की बात है।

06/12/2017

238

06-12-2017
दैनिक जागरण



धर्मशाला कॉलेज के वार्षिक समारोह के दौरान एनसीसी कैडेट्स के साथ तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा ● जागरण

# धर्मशाला कॉलेज के मेधावी सम्मानित

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में दलाईलामा रहे मुख्यातिथि

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मंगलवार को मनाया गया। इस मौके पर दलाईलामा ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लेकर विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया।

कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियों में भाग लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि दलाईलामा शांतिदूत हैं तथा विश्वभर में शांति स्थापित करने में उनका बहुत योगदान है। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से खूब समां बांधा। इस दौरान मेधावी विद्यार्थियों को प्राचार्य सहित अन्य स्टाफ ने सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत म्यूजिक विभाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना से की।

इस दौरान कॉलेज के संगीत विभाग के प्रोफेसर डॉ. सतीश ठाकुर ने दुर्गा स्तुति की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रो. सपना बंटा, ध्यान सिंह व सतीश ठाकुर सहित अन्य प्रोफेसर मौजूद रहे। दलाईलामा के महाविद्यालय के सभागार में आने पर एनसीसी कैडेट्स ने उन्हें सलामी दी।



धर्मशाला कॉलेज के वार्षिक समारोह के दौरान प्राचार्य प्रो. सुनील मेहता के सिर पर मुक्का मारकर मस्ती करते मुख्यातिथि तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा ● जागरण

### कार्यक्रम

- विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से बांधा खूब समां
- एनसीसी कैडेट्स ने दी मुख्यातिथि को सलामी

### गुल होती रही बिजली

समारोह के दौरान बिजली ने भी खूब खलल डाला। जैसे दलाईलामा बोलने लगे तो बिजली चली गई। लगभग दो मिनट के बाद बिजली आई तो दलाईलामा ने अपना संबोधन पूरा किया। इसके बाद जैसे ही कार्यक्रम का समापन होने लगा तो एक बार फिर से बत्ती गुल हो गई। इस दौरान महाविद्यालय की उपप्रधानाचार्य को मोबाइल फोन की लाइट में ही धन्यवाद संदेश देना पड़ा। अंधेरे में ही दलाईलामा ने विद्यार्थियों को बांटे जाने वाले पुरस्कारों का अवलोकन किया।

---

दिव्य हिमाचल

## कांगड़ा

6/12/2017

बुधवार, 6 दिसंबर, 20

# दलाईलामा ने नवाजे मेधावी

धर्मशाला कालेज के वार्षिक समारोह के दौरान मुख्यातिथि बढ़ाया हौसला

- ...क कार्यक्रमों के दौरान ...ने मचाया धमाल
- ...ईलामा ने दिया आशीर्वाद



स्टाफ रिपोर्टर, धर्मशाला



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान दलाईलामा ने होनहारों को सम्मानित किया। इस दौरान दलाईलामा ने कालेज के सभागार में मौजूद सभी प्राध्यापकों, अभिभावकों व छात्र-छात्राओं को अपने वचनों से आशीर्वाद दिया। छात्रों को उन्होंने विस्तार से प्राचीन भारत के इतिहास का महत्त्व समझाया। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान छात्रों को आत्मिक शांति के बारे में बताया। कालेज ऑडिटोरियम पहुंचने पर दलाईलामा का भव्य स्वागत किया गया। दलाईलामा ने पारंपरिक तरीके से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों से खूब समां बांधा। कालेज प्रिंसीपल प्रो. सुनील मेहता ने सभी मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान सभी प्राध्यापक, अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### 75वीं वर्षगांठ पर भी पहुंचे बौद्ध गुरु

दलाईलामा ने पीजी कालेज धर्मशाला के 75वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम में भी विशेष रूप से शिरकत की थी। इसके बाद धर्मशाला कालेज के कार्यक्रम में दूसरी बार बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने पहुंचे। जिस सभागार में पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसके लिए 75वीं वर्षगांठ पर दलाईलामा ने राशि प्रदान की थी।

### डा. सतीश ठाकुर ने जमकर बांधा समां

संगीत विभाग के प्राध्यापक एवं हिमाचली लोक गायक डा. सतीश ठाकुर ने अपनी प्रस्तुति से खूब समां बांधा। उन्होंने एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति देते हुए मौजूद दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

---

अमर उजाला 06/12/2017



धर्मशाला कॉलेज समारोह के मुख्यातिथि धर्मगुरु दलाईलामा को सम्मानित करते हुए। (संबंधित खबर पेज 5 पर)

The Tribune 06/12/2017

# Dalai Lama takes jibe at Ram Rahim



The Dalai Lama receives a memento in Dharamsala on Tuesday. PHOTO: KAMALJEET

**TRIBUNE NEWS SERVICE**

**DHARAMSALA, DECEMBER 5**

The Dalai Lama took a jibe at the controversial religious guru, Ram Rahim Singh, saying Indian spiritual message should reach the world in a better manner, and not in the way the controversial Haryana guru was doing. It was the result of the ideals of the Indian system that even the gurus who did wrong were punished, he said.

The Dalai Lama was addressing students of Dharamsala Government College while presiding over the annual function. He was the chief guest.

The Tibetan spiritual guru said the world could learn a lot from the Indian culture. It was the only nation where traditional culture, modern education and science and technology were well blended. The Dalai Lama also said many people considered him as God. "I am not God but just a messenger of the traditional values of India. Wherever I go in the world, I praise the Indian traditions and culture. I am still studying the Indian system and am a disciple and India is guru," the Dalai Lama said.

अमर उजाला 12/12/2017

# नेशनल यूथ उत्सव में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी नैंसी

**अमर उजाला ब्यूरो**

**धर्मशाला।**

राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की नैंसी राष्ट्रीय ओपन यूथ फेस्टिवल में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में नैंसी ने एलोकेशन में प्रदेश भर में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, त्रिगर्त कला मंच के बैनर तले सुनील संबियाल के निर्देशन में तैयार नाटक उरूभंगम को राज्य स्तर पर तीसरा स्थान मिला है।

उरूभंगम महाभारत के उन पात्रों पर आधारित नाटक है, जिन्हें समाज में गलत नजरों से देखा जाता है। इनमें दुर्योधन, अश्वथामा की मुक्ति, गंधारी का दिया गया कृष्ण कुल को श्राप सहित अन्य घटनाओं का मंचन किया गया। नाटक को तैयार करने में धर्मशाला कॉलेज प्राचार्य पो. सुनील के मेहता और प्राध्यापक सुभ्रा गुप्ता का मुख्य योगदान रहा। नाटक के निर्देशक सुनील संबियाल ने बताया कि नाटक में दुर्योधन का किरदार अभिषेक, अश्वथामा का संजय, गंधारी का शिल्पा, धृतराष्ट्र का अमीर और कृष्ण के किरदार में दिव्यांशी ने भूमिका अदा की, जबकि नाटक के सूत्रधार मारवीन और शालिनी रहे।



नेशनल के लिए चुनी गई नैंसी धर्मशाला कॉलेज के प्राचार्य सुनील मेहता और अन्य प्रतिभागियों के साथ।

दिव्य हिमाचल (28/12/2017)

# धर्मशाला में प्रिंसीपल ने रोपी हरियाली

**धर्मशाला** – पीजी कालेज धर्मशाला में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन बुधवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवियों सहित कालेज के प्रिंसीपल सुनील मेहता ने भी स्वच्छता अभियान में भाग लेकर सभी छात्रों को प्रेरित किया। इस दौरान प्रिंसीपल ने कालेज कैंपस में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। इस मौके पर एनएसएस के प्रोग्राम अधिकारी डा. मोनिका मक्कड़ और डा. हेमंत शर्मा भी मौजूद रहे।

240




अमर उजाला 28/12/2017

धर्मशाला कॉलेज पीजीडीसीए में विश्वविद्यालय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली मनीषा और पांचवां स्थान प्राप्त करने वाली दीपशिखा प्राचार्य सुनील मेहता और प्राध्यापक संदीप राणा के साथ। अमर उजाला

## पीजीडीसीए में धर्मशाला की छात्राएं मेरिट में

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला।

राजकीय महाविद्यालय की पीजीडीसीए की मनीषा कुमारी और दीपशिखा ने वार्षिक परीक्षाओं में उम्दा प्रदर्शन कर प्रदेश स्तर पर तीसरा और पांचवां स्थान हासिल किया है।

मनीषा कुमारी पुत्री अशोक कुमार ने 85.43 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में तीसरा और दीपशिखा पुत्री करतार सिंह ने 83.71 फीसदी अंक लेकर पांचवां स्थान हासिल किया है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील के मेहता ने इस उपलब्धि के लिए छात्राओं सहित पीजीडीसीए विभाग के समन्वयक राकेश पठानिया और प्राध्यापक संदीप राणा को बधाई दी है।

अमर उजाला दिनांक 29/12/2017



धर्मशाला कॉलेज में एनएसएस शिविर के दौरान प्राचार्य सुनील मेहता और प्रभारी डॉ.मानिका के साथ स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश। अमर उजाला

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रजत, अंकिता और दीक्षा प्रथम

धर्मशाला। राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में एनएसएस शिविर के छठे दिन स्वयंसेवियों ने कला संकाय ब्लॉक परिसर की सफाई की। इसके अलावा कॉलेज परिसर में प्राचार्य सुनील मेहता की अगुवाई में स्वयंसेवियों ने पौधरोपण किया। एनएसएस प्रभारी डॉ. मोनिका, डॉ. हेमंत और डॉ. पूजा ने कहा कि इस मौके पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी करवाई गई। जिसमें रतज, अंकिता, दीक्षा ने प्रथम स्थान हासिल किया। ब्यूरो

दिव्य हिमाचल 17/02/2018

## छात्रों ने सुनी पीएम की परीक्षा पर चर्चा

धर्मशाला – राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में प्रधानमंत्री द्वारा छात्रों के लिए परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के प्रसारण का आयोजन किया गया। इसमें करीब पांच हजार विद्यार्थियों तथा महाविद्यालय के सभी अध्यापक तथा तमाम कर्मचारी वर्ग ने खेल प्रांगण में साथ मिलकर सुना। इससे पहले महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील के. मेहता ने छात्रों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सुनने के लिए प्रोत्साहित तथा प्रेरित किया। सभी विभागों के छात्र तथा अध्यापक सुबह 11 बजे ही महाविद्यालय के खेल परिसर में एकत्रित हुए, जबकि कार्यक्रम 11 बजकर 20 मिनट पर आरंभ हुआ, जिसमें देश भर के स्कूलों से आए हुए लगभग 1400 छात्रों ने प्रधानमंत्री से परीक्षा के समय आने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए सीधे तौर पर बातचीत तथा मंत्रणा की।